CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

हल्द्वानी, शनिवार 30 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश: योगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में नीरज चोपड़ा रहे दूसरे स्थान पर खेल टाइम्स



असली यानि जैविक पिता का सवाल सम्पादकीय



इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया पेज 12

# भारत में छह लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा जापान

## 15वें भारत-जापान समिट में पीएम ने दोनों देशों के अगले 10 साल का रोडमैप बताया, जापानी पीएम को भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में जापानी पीएम इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है।

उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल, मीडियम उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत रूस- यूक्रेन जंग को मानवता के आधार पर देखता है, भारतीय टैलेंट और जापानी टेक्नोलॉजी साथ आए, तो जीत पक्की**

### मोदी के स्वागत में जापानी महिलाओं का भरतनाट्यम, गायत्री मंत्र व राजस्थानी भजन सुनाया

**टोक्यो।** पीएम मोदी टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग की होती है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य भरतनाट्यम से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक व आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाड़िया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था।

### पटना में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना।** कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है और इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम के बाहर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया और अरुण सिन्हा, महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता समेत लगभग 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए: महुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

### बिहार एसआईआर पर एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितम्बर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। राजद और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितम्बर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की स्वर्णिम विजय

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में केंन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षाएं भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।



**कहा : ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम किया**

# उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की जान गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, एक उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया।

पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह इसे हटाया गया। उत्तराखंड में गुरुवार रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर- रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पंजाब के गुरदासपुर में सेना ने 27 अगस्त को एक टापू पर फंसे 27 लोगों के चीता हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू का वीडियो शुक्रवार को पोस्ट किया। पंजाब में बारिश के चलते 9 जिलों में भीषण बाढ़ आ गई है। इनमें पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर शामिल हैं।



**पंजाब: फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का किया रेस्क्यू**

# संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गई तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।

# राम सेतु मामले में केंद्र को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। श्री स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।



# ट्रम्प टैरिफ से भारत की इकोनॉमी को लगे पंख

## पहली तिमाही में 7.8 % रही जीडीपी ग्रोथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी।




**कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

# दिल्ली-एनसीआर के 8 जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी त्योहार के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर जिलों में प्रभावी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। यूपी पुलिस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है। उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत जुर्माना व सजा दोनों मिल सकती है। पकड़े जाने पर पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, दोनों (सजा और जुर्माना) हो सकती है। वहीं पकड़े जाने के बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहने वालों की सूचना देने के लिए 112 नम्बर डायल करने, व्हाट्स एप नम्बर 7570000100 पर मैसेज द्वारा, एसएमएस 7233000100 नम्बर पर किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पेज फेसबुक के लिए /112उत्तर प्रदेश व एक्स /112उत्तर प्रदेश पर करने के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस की वेबसाइट के पब्लिक ग्रीवांश सेल के फायर क्रेकर पोर्टल पर जाकर शिकायत कर सकते हैं।



**मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा आदेश**

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में तैनात एसडीएम जायसवाल की हादसे में मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपर जिला. धिकारी का कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजेश जायसवाल की शुक्रवार की सुबह लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा वापस लौट रहे थे। इटावा के पास एक्सप्रेस वे पर किसी वाहन से टक्कर के बाद उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 बैच के अधिक. ारी जायसवाल किरावली में एसडीएम के पद पर तैनात थे और वर्तमान में कलक्ट्रेट में अपर नगर मजिस्ट्रेट का चार्ज संभाले हुए थे।

### चीनी मिलों की मदद करेगा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) राज्य की सभी चीनी मिलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डा. आरपी सिंह ने कहा कि राज्य की सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण अनुपालन व सहमति आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं। ये इकाइयां लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है आरएसएसः असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं।

ओवैसी ने कहा कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है। सभी अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक दंपति के तीन बच्चे की वकालत करते हुए कहा था कि जिस समाज में परिवारों के तीन से कम संतानें हों, उनका अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। उन्होंने आबादी नियंत्रण के साथ पर्याप्त जनसंख्या को भी देश के लिए जरूरी बताया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं,



■ संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर सवाल उठाए

■ 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत

ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो। आप कौन होते हैं लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है। आरएसएस समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुसलमानों के खिलाफ नफरत को संस्थागत रूप दिया गया है। अमेरिकी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि टैरिफ का बड़ा असर होगा। हमारे 50 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। मोटर पार्ट्स, आभूषण, रत्न और रेडीमेड कपड़ों के हमारे 60 हजार करोड़ रुपये के निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। फरवरी में हमारे प्रधानमंत्री जी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी, उनके बीच बातचीत हुई थी और उसके बाद टैरिफ की यह स्थिति शुरू हुई। वे यूक्रेन पर हमले के लिए हमें दोषी ठहरा रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ से भारत के निर्यातकों को बड़ा नुकसान होगा। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार को देश की जनता को जवाब देना होगा। वे उन लोगों के लिए क्या करने जा रहे हैं जिन्हें नुकसान होने वाला है।

# मोहन भागवत पर अखिलेश ने कसा तंज

## कहाः न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वालों ने बारी आने पर बदल दिए नियम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा' की बात करने वाले ने अपनी बारी आने पर नियम बदल दिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले जब अपनी बारी आई, तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नहीं। अपनी बात से पलटने वालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है। जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। गौरतलब है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान



■ सम्भल मामले को लेकर पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी

देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके एक बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के बयान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 2029 का रास्ता साफ हो गया है। ज्ञातव्य है कि बीते 11 जुलाई 2025 को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा था कि जब आप 75 साल के हो जाते हैं और कोई आपको शॉल ओढ़ाता है, तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। वहीं सम्भल मामले को लेकर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में पलायन का मसला शामिल किए जाने व भाजपा द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा 'पलायन का प्रोपोगंडा' फैलाना नौ साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। सम्भल रिपोर्ट को लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा था कि न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि वहां से हिंद. ुओं को कैसे मजहबी प्रताड़ना के कारण पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। यादव ने एक्स पर लिखा- भाजपा सरकार लोगों में न तो विश्वास जगा सकी व न ही अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द ला पाई।

## सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश

# योगी ने न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को मुद्दा बनाया

**प्रतापगढ़, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंद. ुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं।

आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी, जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के



■ कहाः डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगीं

अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना।

अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमा. नित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने हर जिले को एक माफिया दिया था।

### योगी ने किया उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है, तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

# कांग्रेस ने चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी पर आगाह किया

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों में गिरावट का चीन फायदा उठाना चाह रहा है और भारत को उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के बाद चीन की यात्रा पर जाना है। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन इस दौरान चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी के मद्देनजर भारत के हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। रमेश ने कहा कि श्री मोदी विदेश भ्रमण पर हैं। मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे। पाकिस्तान पर हुई सैन्य कार्रवाई के समय



■ चीन के साथ उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने को मजबूर किया जा रहा भारत कोः जयराम रमेश

चीन की भूमिका को ध्यान में रखते हुए उसके साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चीन के साथ संबंध सामान्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और वह भी ज्यादातर उसकी शर्तों पर। भारत-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट का फायदा उठाने की चीन कोशिश कर रहा है।



**सेंसेक्स** 79809.65
**निफ्टी** 24426.85



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# तेज बिकवाली के चलते लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने के पहले अंतिम घंटे में हुई तेज बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही और सेंसेक्स साढ़े तीन महीने 80 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.92 अंक (0.34 प्रतिशत) की गिरावट में 79,809.65 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 24,426.85 अंक पर आ गया। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में टूटने से सेंसेक्स इस साल नौ मई और निफ्टी-50 का आठ अगस्त के बाद के निचले स्तर पर आ गया है। आखिरी घंटे को छोड़कर दोनों सूचकांक लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहे थे। सेंसेक्स 69. 74 अंक टूटकर 80,080.57 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही हरे निशान में



चला गया। बाद में हालांकि लिवाली बढ़ने से यह 79,741.76 अंक तक टूटकर अंत में 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 80,310.74 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.96 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 और इंफोसिस में 2.04 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.03 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 0.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 0.92 और एचडीएफसी बैंक का 0.68 प्रतिशत लुढ़क गया। एक्सिस बैंक, टीसीएस, इटरनल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक में भी बिकवाली हावी रही। एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से आईटीसी में सबसे अधिक 2.26 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 1.47 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.43, एलएंडटी का 1.12, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.97 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत बढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यनिलिवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी चढ़े। एनएसई में निफ्टी-50 सूचकांक 34.20 अंक लुढ़ककर 24,466.70 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,572.45 अंक और नीचे 24,404. 70 अंक पर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.65 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में एफएमसीजी की 0.95 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद की 0.15

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया।

विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ए क्रमशः 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है। साथ ही रुपए में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है।

## किफायती आवास की बिक्री बढ़ाने के लिए करों में छूट दे सरकारः नरेडको

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने पिछले कुछ समय से किफायती आवासों की घटती बिक्री पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे निपटने के केंद्र और राज्य सरकारों को करों में छूट देनी चाहिए। नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर बात करते हुए हीरानंदानी ने कहा कि पिछली छह तिमाहियों में किफायती आवासों की बिक्री में कमी आई है। इसका कारण यह है कि पिछले कुछ समय में जमीन की कीमत बढ़ी है, निर्माण की लागत बढ़ी है, सरकारी कर और अन्य सभी चीजें बढ़ी हैं। इन तीनों पर पुनर्विचार की जरूरत है। यह सिर्फ दिल्ली या एक दो शहरों की बात नहीं है, पूरे देश में जमीन की कीमत बढ़ रही है। हर जगह सर्किल रेट बढ़े हैं। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), स्टांप ड्यूटी, डेवलपमेंट शुल्क बढ़ाते समय वे (सरकार में बैठे लोग) सोच नहीं रहे हैं कि हमें किफायती आवासन को बढ़ावा देने की जरूरत है।


**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड चम्पावत**
फोन/फैक्स न0:-05965-230572 E-Mail ID: eddept@yahoo.com

पत्रांक- 1779/ वि0वि0ख0(च0)/पी0-9 **ई-निविदा सूचना** दिनांक:- 29.08.2025

| क्र0 सं0 | ई-निविदा सं0 | कार्य का नाम | ई-निविदा ऑनलाईन व ऑफलाईन जमा व खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 66/ई.टी. डी.(च.)/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड लोहाघाट के अन्तर्गत देवीधुरा क्षेत्र के जैती में क्षतिग्रस्त डाग जम्पर को पैन्थर पीजी क्लैम्प Dog to Dog कनेक्टर बदले जाने का कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। धरोहर राशि:- 19,800.00 निविदा मूल्य रुपया 250.00 + 45.00 (जीएसटी सहित) = रुपया 295.00 मात्र। | 12.09.2025 (16:00 बजे तक) |

नोट- उक्त ई निविदा की अन्य नियम व शर्तें वेब साइट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
ई-निविदा की ऑफलाईन तकनीकी बिड (भाग-1 व भाग-2) कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 12.09.2025 (14:00 बजे) होगी।
''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'' अधिशासी अभियन्ता


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत में...** हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे। मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा कि भारत इस संघर्ष को हमेशा मानवता के आधार पर देखता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हमारे रुख की सराहना की है। दोनों नेताओं ने मुझसे बात भी की। मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही। मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट साथ आ जाए, तो जीत पक्की है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं, वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, एविएशन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए, इसरो और जाक्सा (जापानी स्पेस एजेंसी) के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगी और अंतरिक्ष में भी मानवता की डेवलपमेंट का प्रतीक बनेगी।' मोदी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज प्लान के तहत अगले 5 सालों में अलग-अलग सेक्टर में दोनों देशों की तरफ से 5 लाख लोगों के एक्सचेंज को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी इकोनॉमी की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाई टैक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में, डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्माल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं। जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते की फाइल एक्सचेंज की।

### सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाइयों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ व्यापारिक प्रतिबंध लगाने के अमे. रिका के निर्णयों के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाइयों से देश के उद्योग जगत के बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।


**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**
**विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा**
फोन/फैक्स न0:-05962-230114

पत्रांक: 2159 वि0वि0ख0(अ0)/ विज्ञापन प्रकाशन/2025-26 दिनांक: 29/08/2025

**ई निविदा निरस्तीकरण सूचना**

किसी भी निविदा दाता द्वारा प्रतिभाग न करने के कारण ई-निविदा संख्या 11/ 2025-26 को निरस्त किया जाता है।

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'
''विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ''
''उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 18004190405 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।''

अधिशासी अभियन्ता
वि0वि0ख0, अल्मोड़ा।



**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2760628 Email:- ee_phqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 26.09.2025 को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी. एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनाक 24.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00+18% जी.एस.टी० अर्थात् रू० 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) T-16/2025-26: पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges उपलब्ध करवाने का कार्य।
2) T-17/2025-26: पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ-सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।
3) T-18/2025-26: पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन पर की क्षतिग्रस्त केबल चैनल के स्थान पर नई चैनल स्थापित करवाने का कार्य।
4) T-19/2025-26: पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन बिल्डिंग में क्षतिग्रस्त Aluminum slider frame की आपूर्ति व लगवाने का कार्य
5) T-20/2025-26: पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन में (Interactive Panel) की आपूर्ति व लगवाने का कार्य।

पत्रांक: 1651/मु0भु0इ0/पिटकुल/
दिनांक: 29.08.2025

अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0इ0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"



**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 26.09.2025 को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/ जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) T-17/2025-26: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' के भूतल पर पश्च भाग के मुख्यद्वार की खिड़कियों पर Blinds स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
2) T-18/2025-26: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में स्थापित खराब हुई विभिन्न दिवारों पर Alex ACP Sheet स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
3) T-19/2025-26: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन परिसर के पिछले हिस्से में स्थापित Garden/Lawn की सुरक्षा हेतु स्थापित रेलिंग की मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
4) T-20/2025-26: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में विभिन्न तलों पर स्थापित कार्यालयों में आवश्यकतानुसार LAN Cable स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
5) T-21/2025-26: पिटकुल मुख्यालय 'विद्युत भवन' बिल्डिंग में तृतीय तल पर स्थित पेंशन एवं अधिष्ठान कार्यालय में रैक्स बनवाकर स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

पत्रांक: 1652/मु0भु0इ0/पिटकुल/
दिनांक: 29.08.2025

अधिशासी अभियन्ता (मु0भु0इ0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक आपदा की मार

## चमोली के मोपाटा में अतिवृष्टि से नुकसान, 2 लोग मृत मिले, बाकी खोज बीन लगातार जारी
## मख्यमंत्री धामी लगातार कर रहे हैं मॉनीटिरिंग, एसडीआरएफ की टीमें लगी बचाव-राहत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** चमोली जनपद के देवाल विकास खंड के मोपाटा में गुरुवार रात्रि को अतिवृष्टि से हुए नुकसान के बाद तहसील प्रशासन की टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। यहां घटना में लापता लोगों की खोजबीन स्थानीय लोगों की मदद से शुरु कर दी गई है। साथ ही डीडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम पर भी घटना स्थल के लिए रवाना कर दी गई है।

आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मोपाटा में गुरुवार रात्रि हुई अतिवृष्टि से गांव में एक आवासीय भवन भूस्खलन की चपेट में आ गया है। जिससे यहां तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता हो गए हैं। जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है।यहां स्थानीय ग्रामीणों की मदद से लापता दम्पति को खोजने के लिए राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। वहीं उप जिलाधिकारी पंकज कुमार भट्ट ने बताया कि आपदा क्षेत्र में राहत कार्यों के लिए डीडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी रवाना हो गई है। यहां बारिश के चलते बाधित सड़कों को खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना में जहां दो लोग लापता हैं, वहीं दो घायल हो गए है। जबकि 15 से 20 मवेशियों के मलबे में दबे होने की आशंका व्यक्त की गई है।

## बादल फटा, मलबे में दबकर पांच लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद के कपकोट विकासखण्ड ग्राम पौंसारी में गुरुवार की रात्रि भारी वर्षा के कारण जनहा. नि एवं मकान क्षतिग्रस्त हुए। घटना में पांच लोग मकान के अंदर दबकर मर गए। इसके अलावा ग्राम बैसानी क्षेत्र में भूस्खलन से भरी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की 13 बकरियां व अन्य पशु हानि की खघ्बर है।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीमें राहत व बचाव कार्य के लिए पहुंची। जिले में पिछले कुछ राहत के बाद एक बार फिर आफत की बारिश बरस के आई। गुरुवार मध्य रात्रि ग्राम पौंसारी के खाई जर तोक में बादल फटने से भरी नुकसान हुआ है। क्षेत्र में बादल फटने से घरों में मलबा घुस गया, जिसके कारण दो परिवार प्रभावित हुए हैं। पहला परिवार के सदस्य 55 वर्षीय रमेश चंद्र जोशी लापता हैं। उनकी पत्नी 48 वर्षीय बसंती देवी का शव बरामद हुआ है। जबकि बेटा 12 वर्षीय गिरीश लापता हैं। वहीं 15 वर्षीय बेटा पवन को ग्रामीणों द्वारा सुरक्षित बचा लिया गया है। दूसरे परिवार के सदस्य पूरण जोशी लापता है। उनकी 65 वर्षीय मां बचुली देवी का शव बरामद हुआ है। अभी भी लापता लोगों की तलाश जारी है। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया में ऑडियो जारी कर दी गई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी आशीष भटगांई स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पहले से पहुंचे विधायक सुरेश गढ़िया एसडीआरएपफ की



टीमों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे हुए थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के भी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां टीमों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में आपदा के कारण पशुओं, खेत खलिहानों, सड़क, विद्युत लाइन, पेयजल लाइन, विद्यालयों को भरी नुकसान पहुँचा है। गांव की सड़क, छोटी पुलिया एवं रास्ते सभी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए टीमें लगातार कार्य कर रही है।

# आपदाः राज्य में आने वाले कुछ दिन चुनौतीपूर्ण

## जिलों को पूरी तैयारी रखें, अपर सचिव आनंद स्वरुप के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न जनपदों के लिए जारी रेड व ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईएमडी द्वारा शुक्रवार दोपहर जारी अलर्ट के अनुसार आने वाले कुछ दिन राज्य

- आईएमडी के एलर्ट को लेकर अपर सचिव ने दिए निर्देश
- कहा-गुरुवार रात हुई क्षति का आकलन जल्द कर रिपोर्ट भेजें

के लिए बारिश के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं। मौसम विभाग द्वारा रेड, ऑरेंज व ग्रीन अलर्ट जारी किया है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से नुकसान कम से कम हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाएं तथा अधिकारी प्रत्येक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ. पूजा राणा, हेमंत बिष्ट, तंद्रीला सरकार आदि मौजूद रहे।

राज्य आपातकालीन परिच. ालन केंद्र से वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए अपर सचिव आनंद स्वरूप ने कहा कि सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अपने स्तर पर भी आईएमडी की वेबसाइट को नियमित तौर पर चेक करते रहें और मौसम संबंधी अपडेट प्राप्त करें ताकि किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी होने पर समय से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को मुख्य सचिव महोदय द्वारा सचेत एप के प्रचार प्रसार को लेकर दिए गए निर्देशों से सभी डीएमएमओ को अवगत कराया।

### पहाड़ों में बारिश का मैदानों में पड़ेगा असर

अपर सचिव आनंद स्वरूप ने कहा कि पहाड़ों में अधिक वर्षा होने पर इसका प्रभाव कहीं ना कहीं मैदानी क्षेत्र में भी पड़ेगा। नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ तथा जल भराव की संभावना हो सकती है। उन्होंने ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सैटेलाइट फोन की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा उनका उचित रखरखाव करने के निर्देश दिए।



### सूचनाओं के आदान-प्रदान करते रहेः डीआईजी

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने कहा कि इस बार चुनौतियां अधिक हैं, इसलिए सूचनाओं के आदान-प्रदान में कहीं पर भी किसी स्तर में कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं तथा डीईओसी के माध्यम से राज्य आपातकालीन परिच. ालन केंद्र के संपर्क में रहते हुए प्रत्येक घटना की जानकारी एसईओसी को उपलब्ध कराएं।

# अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धा आयोजन के लिए उत्तराखंड तैयारः मुख्यमंत्री

## मेजर ध्यानचंद जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस - 2025, समारोह में बोले सीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर बहुउद्देश्यी क्रीड़ा हाल परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवसः 2025, समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल और खेल भावना समाज को ऊर्जा, अनुशासन और प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी स्टिक के जादू से पूरी दुनिया को भारत की खेल शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने हिटलर तक को ये बता दिया कि देश भक्ति आखिर क्या होती है। उन्हीं के आदर्शों पर चलकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन रहा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे खिलाड़ी केवल किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं खेलते बल्कि जीतने और तिरंगा लहराने के संकल्प के साथ मैदान में उतरते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल बजट तीन गुना बढ़ा दिया है।

इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, खेल निद. ेशक आशीष चौहान, अपर निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश ममगाई व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**देवभूमि बनी खेल भूमिः** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने उत्तराखंड को "देवभूमि के साथ ही "खेलभूमि" के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय खेलों में 7वां स्थान प्राप्त कर इतिहास रचने का कार्य किया।

**राज्य में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चरः** उत्तराखंड राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बना है। हाल ही में देश की एकमात्र ओलंपिक स्टैण्डर्ड हिमा. द्रि आइस रिंक का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसके फलस्वरूप इस आइस रिंक में इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी हैं।

### खिलाड़ियों को किया सम्मानित

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विज. ता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए, मख्यमंत्री ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा कुल 250 से अधिक खिलाड़यों एवं उनके प्रशिक्षकों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। सम्मानित लाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी मनदीप कौर, अमीषा रावत और मनोज सरकार को 50-50 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाले शौर्य सैनी और अभिनव देशवाल को 30-30 लाख रुपये की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3,900 खिलाड़ियों तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2,199 खिलाड़ियों को प्रतिमाह मिलने वाली उनकी छात्रवृत्ति की लगभग साढ़े 5 करोड़ रुपये की राशि भी प्रदान की गई।

### दो घोषणाएं की

सीएम ने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं, इसलिए खेल विभाग और युवा खिलाड़ियों को अभी से इसकी तैयारियों में जुटना होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउंड में एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बनाने और पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सिंथेटिक फुटबाल टर्फ लगाने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों

### दो को मिली सरकारी नौकरी

मानसी नेगी को खेल विभाग और मोहम्मद अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।

## सरकार ने पदक विजेताओं से अपना वादा किया पूरा : रेखा

**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को दुगनी इनामी धनराशि देकर अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश के जो खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे उन्हें नगद इनाम धनराशि के साथ-साथ सरकारी नौकरी देने के लिए भी सरकार वचनबद्ध है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने पदक विजेता खिलाड़ियों से कहा कि वह अपने प्रदर्शन से प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए आदर्श बन चुके हैं और नए खिलाड़ियों को सामने लाने में उन सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यदि 2036 ओलंपिक भारत में आयोजित होता है तो इसके लिए खिलाड़ियों को तैयार करने में उत्तराखंड के खेल ढांचे की बड़ी भूमिका रहने वाली है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी ओलंपिक की तैयारी में अभी से जुटें और प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं का प्रतिनिधित्व ओलंपिक में होना चाहिए।

### आठ शहरों में बनेगी खेल अकादमियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड के प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित कर रही है।

# पीएम मोदी व उनकी माता को अपशब्द कहने वालों पर दर्ज कराया मुकदमा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पीएम मोदी और उनकी माता को गाली देने वाले कांग्रेस नेताओं पर मुकद्दमा दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत मंच पर उपस्थित नेताओं पर सख्त धाराओं में कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक के नेतृत्व में पार्टी महिला कार्यकर्ताओं ने देहरादून एसएसपी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उनके द्वारा आरोप लगाया गया कि कल 28 अगस्त को बिहार के दरबंगा में कांग्रेस की वोट अधिकार रैली के दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वहां अतरबेल में रैली के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चोर है कहा गया, फिर उन्हें मां संबंधित गाली दी गई। श्रीमती हनी पाठक ने बताया कि इस दौरान मंच से श्नौशादश नाम बोलते हुए किसी की आवाज आ रही थी, जो नौशाद यूथ कांग्रेस के नेता है। उसी मंच से पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे गए और मां की गाली दी है। वहीं पहले भी कितनी बार राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तू-तूड़ाक वाली भाषा उपयोग किया गया है। लेकिन मोहम्मद नौशाद के सहयोगी और समर्थकों का मंच के माइक पर पीएम मोदी को मां की गाली देना और उसपर आधारित नारे लगवाना अभद्रता की पराकाष्ठा है।

इस कार्यक्रम में मंच पर बैठे सभी नेताओं के खिलाफ भी सख्त से सख्त धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती कमलेश रमन, सुषमा, हेमा परिहार, लता सेमवाल, सुनीता तमांग, कमलेश, तनुजा बिष्ट, आशा बिष्ट, राजकुमारी, तसलीमा, ममता मोरिया, अनीता भट्ट, रुचि रावत, बीना सुयाल, रूपा, संगीता, दीपा कश्यप, रानी, आशा बिष्ट, संगीता देवी, अनीता देवी, राजकुमारी, सीता देवी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेत्रियां मौजूद रही।

# राज्य के युवा जर्मनी में नए स्टार्ट अप्स से जुड़ेंगे

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में जर्मनी और उत्तराखंड के बीच समझौता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार और जर्मन स्थित इनोवेशन हब राइन-माइन के मध्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में लेटर ऑफ इंटेंट (एल.ओ.आई) पर हस्ताक्षर किये गये। इसका उद्देश्य उत्तराखण्ड को कुशल युवाओं को जर्मनी में स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, व्यावसायिक प्रशिक्षण, हाइड्रोजन एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी, नवाचार आधारित स्टार्टप जैसे क्षेत्रों से जोड़ना है। इस अवसर कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। राज्य सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न देशों की मांग के आधार पर भी राज्य के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास के साथ ही विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा कराई गई है।

युवाओं को रोजगार से जोड़ने की सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कौशल विकास और विदेशी भाषा का प्रशिक्षण दिये जाने के बाद राज्य के कई युवा विदेशों में नौकरी कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, विनय शंकर पाण्डेय, सी. रविशंकर, जर्मन प्रतिनिधिमंडल में राउनहाइम शहर के मेयर डेविड रेंडल, जर्मनी के विदेशी निवेश प्रकोष्ठ के सलाहकार सौरभ भगत तथा इनोवेशन हब राइन-माइन के सीईओ स्टीफन विट्टेकिंड मौजूद थे।

# लापरवाह अधिकारियों की खैर नहीं

## आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में उपाध्यक्ष रूहेला सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**काशीपुर।** नगर निगम सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक में उत्तराखंड आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन की तैयारियों और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान विनय रूहेला ने कहा कि आपदा के समय सबसे पहली जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभागों की होती है कि वे जनता को त्वरित राहत पहुंचाएं। उन्होंने आपदा के दौरान हुई व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया और कई मामलों में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि जनता की सुविधा के प्रति संवेदनशीलता दिखाना अनिवार्य है, अन्यथा लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर निगम पार्षदों ने विनय रूहेला को ज्ञापन सौंपकर पेयजल संकट, जलभराव, बिजली आपूर्ति बाधित होने, आपदा के समय स्वास्थ्य सेवाओं में कमी और सड़कों पर मलवा न हटने जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए रूहेला ने मौके पर ही जल संस्थान के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने और स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं सड़कों व नालों से मलबा हटाने के लिए तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस बैठक में सबसे ज्यादा समस्याएं विद्युत विभाग के संबंध में आई जिनके बारे में श्री रूहेला ने समय पर समाधान के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किसी के ना आने पर उन्होंने नाराजगी जताई। बाद मे सिंचाई विभाग के एक अधिकारी आए। महापौर दीपक वाली ने श्री रहेला से शिकायत की की टूटी हुई सड़कों के संबंध में पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखे जाते हैं लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या मेरे द्वारा लिखे गए पत्र सफिशिएंट नहीं है और अगर ऐसा है तो नियम में परिवर्तन किया जाए। उन्होंने काशीपुर शहर की सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ बरसात के दौरान टूटी आठ सड़कों नालो एवं वहल्ला व ढेला नदी की पिचिंग के लिए श्री रूहेला से अनुरोध किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी, नगर निगम के कर्मचारी, पार्षद व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पत्नी, सास व नौकर पर हत्या का आरोप

## पटवारी की संदिग्ध मौत का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर तहसील में तैनात पटवारी दौलत सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक के भाई ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंपकर मृतक की पत्नी, सास, नौकर व अन्य व्यक्तियों पर एकराय होकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। ग्राम तालमपुर निवासी पाकेश कुमार ने आईटीआई थाना को तहरीर देकर बताया है कि पत्नी वर्तमान में एडीओ पंचायत ब्लॉक गदरपुर व जसपुर में कार्यरत है।

जबकि उसका भाई दौलत सिंह बाजपुर तहसील में पटवारी के पद पर तैनात था। आरोप लगाया कि उसके व भाभी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। उसका भाई अपनी पत्नी, बेटी व सास के साथ काशीपुर स्थित प्रकाश सिटी में रहने लगा। बताया अलग रहने के बावजूद दोनों के बीच विवाद होता रहता था। आरोप है कि 27 अगस्त की सुबह 7.41 बजे एक नंबर से फोन कर बताया गया कि उसके भाई की हार्टअटैक से मौत हो गई है। जब वह प्रकाश सिटी भाई के घर पहुंचा तो देखा भाई का शव बेड पर पड़ा था। उसके हाथ, पैर व गले में निशान थे। वहीं पास में भाई की पत्नी का कटा हुआ दुपट्टा पड़ा था और तीन बेल्ट पड़ी हुई थीं। दरवाजे के लॉक के बोल्ट और खिड़की खुली थी। जब उसने भाई की पत्नी से पूछा तब उन्हें बताया कि तुम्हारे भाई ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। तहरीर में कहा कि उसे शक है कि घरेलू कलह में भाभी, उसकी मां और नौकरानी ने अन्य व्यक्तियों के साथ हमसाज होकर उसके भाई की हत्या की है।

## एक नजर

### क्लस्टर योजना के विरोध में अभिभावक

**अल्मोड़ा।** क्लस्टर योजना के तहत जीजीआईसी जलना का समायोजन पर लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को नाराज अभिभावकों ने विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। योजना को बंद नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को हुई बैठक में महिलाओं ने कहा कि जबरन राबाइंका का राउमावि जलना में समायोजन किया जा रहा है। जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है। कहा कि गांवों की बेटियों को यह स्कूल लंबे संघर्ष के बाद मिला है। अब इसे अन्यत्र समायोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस योजना का विरोध करते हुए किसी भी हाल में बेटियों को अन्यत्र नहीं भेजने का ऐलान किया है। चेतावनी दी कि यदि जल्द योजना को बंद नहीं किया गया तो समस्त अभिभावकों उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। यहां निर्वतमान जिला पंचायत सदस्य रजनी फर्त्याल, गोविंद बिष्ट, मनोज डसीला, भुवन सिंह, संजय बिष्ट, बीडीसी जगदीश राम, चंदन राम, जीवन जोशी, ललित बिष्ट, मोहित, रोहित सिजवाली, गंगा देवी समेत कई मौजूद रहे।

### एक लाख की चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर पुलिस टीम ने 525 ग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की टीम ने सूचना पर गुरुवार रात्रि करीब दस बजे गणनाथ तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पिठ्ठू बैगधारी दो युवकों के संदिग्ध प्रतीत होने पर रोका गया। तलाशी लेने पर मोहम्मद शाहवाज पुत्र सईद अहमद, निवासी गुलरिया जिला पीलीभीत हाल निवासी कंजाबाग थाना खटीमा जिला उधमसिंहनगर और राकेश सनवाल पुत्र सुरेश चन्द्र सनवाल, निवासी ग्राम हल्दूचौड़, जिला नैनीताल के कब्जे से 525 ग्राम चरस बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई। मामले में कोतवाल मदन मोहन जोशी ने बताया कि आरोपी आसपास के गांवों से चरस एकत्र कर तराई में बेचने की फिराक में थे। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आए। टीम में चौकी प्रभारी ताकुला एसआई राजेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, होमगार्ड देवेश सिंह, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### नंदादेवी मेले में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में ऐतिहासिक मां नंदादेवी मेले के तहत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी है। गुरुवार रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लोक गीतों की धूम रही। बड़ी संख्या में लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लुप्त उठाया। मेले में उत्तराखंड के प्रसिद्ध गायक राकेश पनेरू, राकेश जोशी और प्रियंका भट्ट ने मेले की शुरूआत नंदा जागर से की। इसके बाद लोक गायकों ने कई कुमाऊनी-गढ़वाली और नंदा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर मेले में समा बांध दिया। देर रात तक कार्यक्रमों का आनंद लेने बड़ी संख्या में लोग डटे रहे। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक टीमों और स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, अर्जुन बिष्ट, हरीश कनवाल, कपिल मल्होत्रा, मनोज सनवाल, तारा चंद्र जोशी, गीता मेहरा, गोविंद सिंह मेहरा, हनी वर्मा, रवि गोयल, अमरनाथ सिंह नेगी, अनुप साह, मुन्ना वर्मा, अमित साह, कुलदीप मेर, लक्की वर्मा, कन्नू साह, विद्या बिष्ट, अनिल सनवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ

**अल्मोड़ा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ेछीना में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ हो गया है। शुक्रवार को पखवाड़े के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने लोगों को नेत्रदान की महत्ता और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। नेत्रदान पखवाड़े में रेनू जोशी ने लोगों को बताया कि भारत में लाखों लोग कार्नियल नेत्रहीनता से पीड़ित हैं। जिनमे काफी संख्या कम उम्र के बच्चों की भी है और नेत्रदान के द्वारा उनका उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए आगे आना चाहिए। वहीं, डा. बीबी जोशी ने बरसात के मौसम में नेत्र सुरक्षा संबंधी उपायो और अन्य बीमारियों से बचाव के उपायों आदि के बारे में जानकारी दी। बताया कि विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, पॉलिटेक्निक संस्थानों, आईटीआई संस्थाओं और गांवों में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम और नेत्र शिविर आयोजित किए जाएगे। इसके अलावा शिविर में पहुंचे मरीजों के नेत्र की जांच कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई।

### महापौर ने किया 10 सड़कों का शिलान्यास

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने 78 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 10 सड़कों का शिलान्यास किया। यहां उनका वार्डवासियों ने जोरदार वागत किया। वहीं महापौर ने कहा कि काशीपुर नगर निगम क्षेत्र में बगैर बनी कोई भी सड़क नहीं छोड़ी जाएगी। बरसात के कारण सड़क निर्माण के कार्यों में जरूर थोड़ा विलंब हुआ है लेकिन बरसात खत्म होते ही सड़कों के निर्माण में और तेजी लाई जाएगी। महापौर दीपक बाली ने वार्ड नंबर 39 व वार्ड 40 में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किये। शिलान्यास के दौरान पार्षद अनीता कांबोज, रवि प्रजापति, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस, सचिन ठाकुर, कमल कुमार, अनिल कुमार, निमिष कुमार, संतान सिंह रावत, मुकेश कुमार, शुभम कुमार, धर्मेंद्र कुमार, तरुण कुमार, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, पूजा, लता, नीतू, दिलीप सिंह रावत, कैप्टन पीतांबर सिंह, ख्यालीराम सहित अनेक वार्ड वासी मौजूद रहे।

## पांच चोर गिरफ्तार

**काशीपुर।** थाना आईटीआई पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 2 किलो 894 ग्राम गांजा, 19 लीटर अवैध कच्ची शराब और चोरी की एक बाइक के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थाना आईटीआई पुलिस टीम द्वारा गुरुवार मध्यरात्रि चैकिंग के दौरान बांसखेड़ा हाईवे अंडरपास से शाहरुख पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम उदयपुरी चोपड़ा पीरुमदारा थाना रामनगर के कब्जे से 1.352 किग्रा. तथा नदीम खान पुत्र उस्मान उर्फ अरमान निवासी टांडा पानी की टंकी के पास थाना रामनगर के कब्जे से 1.542 किग्रा. गांजा कुल 2.894 किग्रा. गांजा तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर, चेकिंग के दौरान कचनाल रोड से एक प्लास्टिक की जरीकेन में 19 लीटर कच्ची शराब के साथ कलुआ पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह निवासी केशवपुरम को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। इधर, बलविंदर सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी श्यामपुर द्वारा बीती 22 अगस्त को अपनी बाइक स्प्लेंडर प्रो रजिस्ट्रेशन नंबर यूके 18ए-9719 को श्यामपुरम से चोरी कर लिए जाने के संबंध में ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें वृहस्पतिवार को धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। दौराने विवेचना चैकिंग के दौरान कचनाल गुसाई के पास से भूपेंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी नंदपुर नरका टोपा थाना बाजपुर, अल्ताफ हुसैन पुत्र सलाउद्दीन निवासी उपरोक्त को चोरी की उक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट चौकी प्रभारी पैगा, अपर उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह गड़िया थाना आईटीआई, अपर उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह आदि थे।

# ब्लाक प्रमुख सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** विकासखण्ड ताडीखेत मे विकासखण्ड सभागार में मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात ने ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ उप प्रमुख सहित समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनियुक्त ब्लॉक प्रमुख बबली मेहरा ने अपने संबोधन मे सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहां है कि मैं सबको साथ लेकर चलूंगी चुनाव के दौर में जनता से जो भी वादा किया है वह अवश्य पूरा करूंगी। संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात ने कहा कि आज 37 बीडीसी सदस्य और तीन प्रमुख को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने के उपरांत बधाई देने के साथ साथ मैने उन्हें ये भी बताया कि जनता ने उन पर



बहुत भरोसा व्यक्त किया है, और जनता की जो अपेक्षाएं हैं, उनपे खरा उतरेंगे। इसके साथ साथ प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा और ये आशा रहेगी कि वो पूरा समन्वय स्थापित कर लोगों के लिए अत्यंत कल्याणकारी कार्य कर पाएंगे। उन्होने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को एक सफल कार्यकाल चलाने के लिए शुभकामनाएं दी। ब्लॉक प्रमुख बबली मेहरा ने कहा कि आज हमने यहां पर शपथ समारोह संपन्न किया, उसमें मैं अपने सभी क्षेत्रवासियों से कहना चाहती हूं कि अब ब्लॉक की जो भी सुविधाएं होंगी। मै ब्लाक के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाऊंगी और अपने गांवों का विकास करूंगी। उन्होने कहा कि आज भी हमारे गांव अभी भी बहुत निम्न स्तर में हैं। बहुत गांव अभी भी ऐसे हैं जहां अभी भी पानी नहीं आता, जहां सड़क नहीं हैं, जहां बच्चों के लिए स्कूल नहीं हैं। मैं इन सभी विषयों पर काम करना चाहूंगी और अपने ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनाने की कोशिश करूंगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी तारा चंद, जिला पंचायत सदस्य पिलखोली प्रदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य ऐरोड़ हिमांशु कुमार, जिला पंचायत सदस्य मोड़ी वीना बिष्ट, ज्येष्ठ उप प्रमुख सोनी भगत, कनिष्ठ उप प्रमुख जीवन चन्द्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य निरज मेहरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रभात सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमला रावत, पूर्व ग्राम प्रधान मंजीत भगत सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शपथ ग्रहण पर संशय के बादल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** एक तरफ ब्लॉक प्रमुख राज्य में शपथ ले चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ पंचायती राज सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर तीन सितंबर को शपथ करवाने की बात कही है। अब शपथ ले चुके ब्लॉक प्रमुखों को समझ नहीं आ रहा कि जो शपथ आज ली वो मज़ाक थी या तीन सितंबर को होने वाली शपथ मज़ाक होगी? दोनों में असली कौन सी मानी जाएगी इसको लेकर संशय बना हुआ है।

# बेटी बोझ नहीं, समाज और परिवार की शानः उर्वशी बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली हमेशा समाज सेवा में तत्पर रहती है और साथ ही समाज में गिरते मानवीय मूल्यों के प्रति भी हमेशा गंभीर रहती है। वे समाज में टूटते रिश्तों के प्रति भी चिंतन करती है और घर-परिवार टूटने से बचे ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर समस्या के दोनों पहलुओं पर अपने विचार भी रखती हैं। वह कहती है कि शादी हर लड़की के जीवन का सबसे बड़ा मोड़ होती है। वह अपने मायके का आंगन छोड़कर एक नए घर, नए रिश्तों और नए माहौल में कदम रखती है। उम्मीद होती है कि उसे प्यार, सम्मान और सहारा मिलेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि शादी के बाद कई लड़कियाँ डिप्रेशन में चली जाती हैं। असल दर्द यह है कि ससुराल वाले बेटी को अपनाने और संभालने के बजाय अक्सर उसे बोझ या नौकरानी समझ बैठते हैं। श्रीमती



बाली दूसरे पहलू पर कहती है कि बेटियों को भी अपनी जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होना चाहिए। उन्हें भीसच को संतुलन के साथ देखना चाहिए। जिस तरह ससुराल वालों की जिम्मेदारी है कि बहू को सम्मान और अपनापन दें, उसी तरह बेटियों का भी कर्तव्य है कि वे अपने संस्कार और व्यवहार को याद रखें। परिवार को चाहिए कि वे बेटी को सम्मान और प्यार दें, क्योंकि वह बोझ नहीं बल्कि शान है और बेटियों को भी याद रखना चाहिए कि शिक्षा, पैसा और आधुनिक सोच रिश्तों से ऊपर नहीं होते।

# महापौर ने शपथग्रहण कार्यक्रम में निर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने आज यहां खंड विकास कार्यालय पहुंचकर काशीपुर ब्लॉक के अंतर्गत नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ उप प्रमुख एवं सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। महापौर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए ब्लॉक प्रमुख सहित सभी विजयी जनप्रतिनिधियों को उनकी तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। श्री बाली ने काशीपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, ज्येष्ठ उप प्रमुख तरसेम सिंह, कनिष्ठ उप प्रमुख कमलजीत कौर और सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान




उत्तराखंड आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रूहेला, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पीसीयू चैयरमेन राम मेहरोत्रा, पंचायत चुनाव अधिकारी विवेक सक्सेना, प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश मंत्री गुरविन्दर सिंह चंडोक, सदस्य जिला आपदा प्रबंधन राजेश कुमार, दर्जा राज्य मंत्री मंजीत राजू, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, विजय बॉबी, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, खंड विकास अधिकारी कमल पांडे, ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, मनदीप सिंह, दिलबाग सिंह, बलविंदर सिंह समेत समस्त पार्षदगण, ग्राम प्रधान व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जर्जर स्कूल भवन चिन्हित करें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में खनन न्यास से नियुक्त शिक्षा स्वयंसेवक तथा प्रधानमंत्री पोषण योजना सहित मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने योजना की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी कमियां सामने आई हैं उनका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में शिक्षा के



स्तर का उन्नयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सख्ती से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री पोषण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद के 1661 विद्यालयों में कुल 27,409 विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाला, पूर्ण कैलोरी युक्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा गंभीर समस्या पाए जाने पर उच्च स्तर पर संदर्भित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भोजनमाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। शिक्षा विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा। आपदा में क्षतिग्रस्त राजकीय विद्यालयों का क्षति का आकलन करते हुए आपदा मोचन निधि से तथा क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का चिह्नीकरण कर प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में फर्नीचर, कंप्यूटर और शौचालय आदि की व्यवस्था की दुरुस्त की जाए।

## मेयर को ज्ञापन सौंपा

**काशीपुर।** आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने शुक्रवार को मेयर दीपक बाली से मुलाकात कर मानदेय वृद्धि की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। कार्यकत्रियों ने कहा कि उन्हें फिलहाल मात्र 9,200 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता है, जो वर्तमान परिस्थितियों और कार्यभार की तुलना में बेहद अपर्याप्त है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मोबाइल एप में डेटा फीडिंग, विभिन्न रजिस्टरों का संधारण, समाज से जुड़कर प्रत्यक्ष कार्य, टीकाकरण कार्यक्रम और विभागीय ड्यूटी जैसे अनेक जिम्मेदार कार्य करती हैं। इसके बावजूद उनका मानदेय एक सामान्य मजदूर से भी कम है। मेयर दीपक बाली ने उनकी समस्याओं पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुँचाया जाएगा।

# विवि में खेल प्रतियोगिताएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्टीवेन्सन स्टेडियम, में 29-31 अगस्त 2025 तक आयोजित की जाने वाली तीन-दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर डा. चौहान ने समस्त छात्र-छात्राओं एवं संकाय गणों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट एवं मजबूत रहने एवं खेलों में उत्कृष्टता हेतु शपथ दिलायी एवं एक घंटा खेल के मैदान में के रूप में छात्रों एवं छात्राओं



की क्रास कन्ट्री रेस का शुभारम्भ भी किया। क्रास कन्ट्री रेस में लगभग 450 छात्राओं तथा 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पुरुष वर्ग में आर्यन कुमार, टैगोर भवन, प्रथम स्थान कनिष्क वर्मा, पंत भवन, द्वितीय स्थान एवं करन सिंह रावत, जनरल बिपिन सिंह रावत, तृतीय स्थान पर रहे तथा महिला वर्ग में शिवानी साह, सुभाष भवन, प्रथम स्थान ज्योति, मंदाकिनी भवन, द्वितीय स्थान एवं स्नेहा चन्द्र, गांधी भवन, तृतीय स्थान पर रहीं। इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनन्द सिंह जीना के संरक्षण में डा. पूनम त्यागी, डा. जीएस वोहरा, डा. भास्कर तिवारी डा. एचएस पपोला एवं डा. गुरविंदर सिंह द्वारा किया गया।

## मुख्य वन संरक्षक को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल। राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह नयाल वाहन चालकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नैनीताल में मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) को ज्ञापन सौपा तथा मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। नयाल ने ज्येष्ठता के आधार पर राजकीय वाहनों का आवंटन करने, हर तीन माह में यात्रा भत्ता बिलों का भुगतान करने, वर्दी भत्ता तीन हजार रुपए देने समेत दस सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग की है।

**सूचनाः खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जवाहर नगर तह. किच्छा, उधमसिंह नगर खसरा नं. 638 मिन रकबा 208.17 वर्ग मी. भूमि के बैनामे/प्रापर्टी संबंधित मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। इसका विवरण इस प्रकार है-

विक्रेता-श्री अनिल जोशी पुत्र श्री जगन्नाथ जोशी। क्रेता-श्रीमती चन्द्रा देवी पत्नी श्री रमेश सिंह, ग्राम जवाहर नगर, तह. किच्छा उधम सिंह नगर जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में बही नं. 1, जिल्द नंबर (319) पृष्ठ नं. 97/118 व क्रमांक 3312 तथा दिनांक 23.06.2010 को पंजीकृत है। इस रजिस्ट्री के मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें। इसका उपयोग किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतः अवैध माना जाएगा। उक्त वर्णित प्रॉपर्टी यूको बैंक, शांतिपुरी नगला में ऋण विरुद्ध साम्यमूलक बंधक की जा रही है। अगर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो शाखा यूको बैंक, शांतिपुरी अथवा श्रीमती मेघना आले से में 14 दिन में लिखित सम्पर्क करें।

श्रीमती मेघना आले पत्नी श्री संजय बहादुर
निवासी जवाहर नगर डेरी फार्म नगला तह. किच्छा-उधम सिंह नगर

# शिक्षा से खिलवाड़ कर रही सरकारः उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में राजकीय शिक्षक संघ की हड़ताल आज चौथे दिन शुक्रवार को भी जारी रही, जिससे राज्यभर के स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने प्रेस को जारी बयान में सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। डा. उपाध्याय ने कहा कि सरकार की अकर्मण्यता और गलत नीतियों के कारण राज्य में लगातार हड़तालों का दौर चल रहा है और प्रदेश अब हड़ताली प्रदेश बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 8 वर्षों से सरकार प्रवक्ता प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति नहीं कर पाई है, जिससे सैकड़ों योग्य शिक्षक बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो गए। डा. उपाध्याय के अनुसार वर्तमान में उत्तराखंड के राजकीय इंटर कॉलेजों में 1300 से अधिक प्रधानाचार्य पद रिक्त हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बिना प्रधानाचार्य के किसी विद्यालय की कल्पना की जा सकती है? यही हाल प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का भी है, जहां हजारों प्रधानाध्यापक पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मुखिया-विहीन विद्यालयों को चलाकर शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत पर निशाना साधते हुए कहा कि न केवल शिक्षा विभाग, बल्कि जिन अन्य विभागों का प्रभार उनके पास है, उनकी स्थिति भी बेहद खराब है।



# पद, गोपनीयता की ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** ब्लाक सभागार बागेश्वर में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों ने निर्वाचित होकर पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख को उपजिलाधिकारी कांडा ललित मोहन तिवाड़ी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। यहां आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास ने कहा कि सभी निर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य रहे। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्त तक पहुंचाए। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता पिथौरागढ़ प्रभारी कुंदन परिहार ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के परिणाम स्वरूप जिले के तीनों ब्लाकों व जिला पंचायत में भाजपा समर्थित



उम्मीदवार मनोनीत हुए है। उन्होंने सभी को एक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपने अपने क्षेत्रों का विकास करने की बात कही। इस मौके पर नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख दीपा आर्या ने कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ उन्हें चुना गया है वे उस उम्मीद पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगी। कार्यक्रम में ज्येष्ठ प्रमुख मनीष कुमार, कनिष्ठ प्रमुख दीपा देवी सहित खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, सहायक खंड विकास अधिकारी गोकुल रावत, सुरेंद्र बिष्ट, डा. राजेंद्र परिहार, संजय परिहार सहित समस्त 40 बीसीसी मेंबर मौजूद थे। इसी क्रम में कपकोट व गरुड़ ब्लाक में भी बीटीसी मेंबरों व प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

# मेधावी बच्चों का सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में मेधावी छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक कुंदन सिंह परिहार से संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ विद्यालय का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। उन्होंने छात्र छात्राओं से आगे भी इसी मेहनत और परिश्रम से पढ़ाई करने को कहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्बल सिंह तोपाल ने बताया कि वर्ष 2024-25 में विद्यालय के 46 भैया बहन वरीयता सूची में आए जिन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 में कमल चौहान द्वारा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से उन्हें 21 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए गए। जबकि उनके कक्षा आचार्य को 5 हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष उत्तम टाकुली, रमेश कांडपाल, विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास, विवेक तिवाड़ी, संजय परिहार, सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

# मलबा आने से भीमताल मार्ग बंद

## तीन घंटे तक अवरुद्ध रहा यातायात, पुराना पुल करना पड़ा सुचारू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बारिश ने एक बार फिर से तबाही का मंजर दिखा दिया है। कुमाऊं मंडल में मूसलाधार बारिश की वजह से न सिर्फ सड़कें बंद हुई हैं बल्कि जनहानि की भी खबरें हैं। शुक्रवार को हल्द्वानी से भीमताल मार्ग पर ब्रिज के पास मलबा आ गया। मलबे के बाद यातायात पूरी तरह से बंद हो गया।

जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया और करीब तीन घंटे बाद पास ही पुराने पुल की सफाई कर छोटे वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारु किया गया। शुक्रवार की सुबह बारिश के चलते हल्द्वानी-भीमताल राज्य मार्ग संख्या-10 पर एचएमटी से आगे ब्रिज के सामने वाली पहाड़ी से हल्के हल्के मलवा गिरने लगा। पहाड़ी से मलवा गिरता देख लोगो ने अपने वाहनों को खड़ा कर दिया। कुछ ही देरी में देखते ही देखता पहाड़ी से मलवा के साथ बड़े-बड़े बोल्डर भी आने लगे। पहाड़ी से बोल्डर गिरता देख लोगों में अफरा तफरी मच गयी। लोग अपने वाहनो को छोड़कर इधर उधर भागते नजर आये। मलबा आने के बाद मार्ग पर बड़े बोल्डर भी आ गे। मलवा आने से दोनों तरफ का यातायात बंद हो गया। इस मार्ग का इस्तेमाल करके लोग हल्द्वानी से भीमताल, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रानीखेत और चंपावत आदि स्थानों पर जाते हैं। एक तरह से यह मार्ग कुमाऊं की लाइफ लाइन है।



संबंधित विभाग ने मार्ग को खुलवाने के लिए जेसीबी की मदद से मलबा हटाया। काफी देर तक मलबा हटाया गया और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद छोटे वाहनों के लिए पुराने पुल को खोला गया। जिससे थोड़ा थोड़ा यातायात व्यवस्था को सुचारु किया गया। देर शाम तक वहा पर मलवा हटाने का काम किया जा रहा है। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पास ही बने पुराने पुल को छोटे वाहनों से आवाजाही के लिए सफाई कर खोल दिया है, और फिलहाल भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से अपील की मार्ग पर आवागमन के दौरान सावधानी बरतें और जरूरी होने पर ही यात्रा करें। वहीं गर्जिया और घुघुतीधार-बेतालघाट मार्ग, रामनगर-भंडारपानी-अमगढ़ी और ढोलीगांव से धेना मार्ग भी बंद हैं।

### हल्के वाहनों के लिए खुला मार्ग

**हल्द्वानी।** रेलवे क्रासिंग से गौलापुल तक को जाने वाला मार्ग हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। यह मार्ग चार अगस्त से बंद था। सड़क गौला नदी में धंसने की वजह से यह निर्णय लिया गया था। एक साल पहले अगस्त माह में इस सड़क के बड़े हिस्से को पहली बार गौला नदी में बह जाने की वजह से बंद किया गया था। लोनिवि के ईई प्रत्यूष कुमार ने बताया कि मार्ग को फिलहाल हल्के ही वाहनों के लिए खोला गया है। यहां अभी भारी वाहनों का प्रवेश प्रति. बंधित रहेगा। साथ ही पुलिस भी लोगों को सचेत करती रहेगी। मार्ग को अभी वन-वे के आधार पर खोला गया है।

### शेरनाला भी उफान पर, चार घंटे बाधित रहा यातायात

**हल्द्वानी।** लागातर हो रही मूसलाधार बारिश के बाद शुक्रवार सुबह चोरगलिया में शेरनाला भी उफान पर आ गया। जिस कारण हल्द्वानी-सितारगंज नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह से बंद हो गया। इससे पूरे कुमाऊं की लाइफ लाइन प्रभावित रही। चार घंटे बाद हाईवे यातायात को खोला गया। उक्त जानकारी देते हुए चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि पहाड़ों पर लगातार बारिश के कारण शुक्रवार सुबह छह बजे के करीब शेरनाला उफान पर आ गया था। नाला उफान पर आने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान नैनीताल, यूएसनगर के अलावा चम्पावत और पिथौरागढ़ के सैकड़ों वाहन और उनमें सवार यात्री यहां घंटों फंसे रहे। चार घंटे बाद सुबह दस बजे पानी का प्रवाह कम होने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

## अज्ञात बस चालक ने खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पीडिता पिता की तहरीर के आधार पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता, लालकुआं निवासी कुंदन सिंह ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 23 अगस्त को उनका बेटा पूरन सिंह अपनी स्कूटी में सवार होकर गौलापर बाइपास से होते हुए लालकुआँ अपनी घर को आ रहा था। इसी दौरान शाम करीब साढ़े 6 बजे के आसपास ताज होटल के पास सामने से तेज गति से आ रही बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में पूरन बस की बोनट में जाकर घुस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे में पीडिता पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी।

# मन्नू दादा अकेडमी ने जीती ट्राफी

## मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय अंडर-17 बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 28 व 29 अगस्त को हल्द्वानी में किया गया, जिसमें मन्नू दादा अकैडमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालि. का वर्ग में ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता खेल विद्यालय उत्तराखंड के तत्वावधान, जिला प्रशासन नैनीताल के मार्गदर्शन और हॉकी नैनीताल के समन्वय से जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया और विजेता मन्नू दादा अकैडमी व उपविजेता हल्द्वानी स्टेडियम की टीमों को आकर्षक पुरस्कारों और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट द्वारा वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश भाकुनी, सुरेश चंद्र पांडे, राजेंद्र सिंह बिष्ट, नव्या पांडे, आदर्श शर्मा, वैभव परिहार, कृष्णा, अंजली जोशी आदि को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गोविंद लटवाल, नीलेश गुप्ता, सुनील कुमार, दिव्यांश गंगवार, सेजल आर्य, कमल, मनोज कोरंगा, ऋतिक जोशी ने निभाई। इस मौके पर उप खेल निद. ेशक राशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, भाजपा मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोतिय, नीरज बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि कमलेश जोशी, लक्ष्मण सिंह खाती, पार्षद प्रेम बेलवाल, सहायक निदेशक विनोद कुमार वर्मा, विनय जोशी, अंकुश रौतेला, तनुजा आर्य, निशांत मेहता सहित कई लोग मौजूद रहे।



# हादसे के बाद स्कूल बसों पर शिकंजा

## एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुवार को स्कूल बस हादसे के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी दिखाई है। वरिष्ठ पुसि अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर शुक्रवार को स्कूल बसों की जबरदस्त चैकिंग की गयी। एसएसपी ने निर्देशित किया था कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिले के सभी थानों और चौकियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में स्कूल बसों की व्यापक जांच करें। इस अभियान के दौरान कई स्कूल बसों में भारी अनियमितताएं मिलीं। एसपी क्राइम/यातायात डा. जगदीश चंद्रा के पर्यवेक्षण में शुक्रवार सुबह से ही पुलिस टीमों ने एक साथ जिलेभर में कार्रवाई की। अभियान के तहत कुल 340 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 313 वाहन नियमों के अनुरूप पाए गए, जबकि 27 वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इनमें बिना फिटनेस/परमिट 3 वाहन, बिना बीमा के 2, क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर पांच बसें, फर्स्ट एड बॉक्स व अग्नि सुरक्षा के इंतज़ाम न होने पर पांच बसें तथा अन्य नियमों के उल्लंघन पर 12 बसों पर कार्रवाई अमल में लाई गयी। इन उल्लंघनों के आधार पर 27 वाहनों का चालान किया गया तथा एक वाहन को सीज़ कर जुर्माना लगाया गया। वहीं 8 स्कूल संचालकों व बस मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं। एसएसपी मीणा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल बसों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



## बैंक ऐप एक्टिवेशन के नाम पर सेवानिवृत्त कर्मचारी से 4.12 लाख की ठगी

**हल्द्वानी।** बैंक ऐप एक्टिवेट कराने के बहाने एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से ठगों ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। चार ट्रांजैक्शन के जरिए उनके खाते से कुल 4.12 लाख रुपये उड़ा लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वन विभाग से सेवानिवृत्त तल्ली बमौरी निवासी हरीश चंद्र खुल्वे ने दी तहरीर में बताया कि बीते 29 जुलाई को वे एसबीआई की मुखानी शाखा में एसबीआई यूनो ऐप को एक्टिवेट करवाने गए थे। तकनीकी कारणों से ऐप सक्रिय नहीं हो सका, जिसके बाद वे घर लौट आए। अगले ही दिन यानी 30 जुलाई को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए यूनो ऐप को एक्टिवेट कराने की बात की। भरोसे में आकर खुल्वे ने अपना आधार नंबर और बैंक संबंधित जानकारी साझा कर दी। इसके कुछ ही देर बाद उनके खाते से चार बार में कुल 4.12 लाख की रकम निकाल ली गई। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अज्ञात ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार्मिक एकता मंच की विचार गोष्ठी कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच द्वारा कल 31 अगस्त रविवार को अपरान्ह 3 बजे से देहरादून स्थित शहीद स्थल में एक विचार गोष्ठी आहूत की गई है। गोष्ठी का विषय है जवाबदेही के लिए शहीदों का सपना साकार होना कितना जरूरी? एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे और संयोजक महासचिव दिगम्बर फुलोरिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि शहीदों के सपने को साकार करने के मूल उद्देश्य से विचार मंच के रूप में गठित उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच विकास के प्रति जवाबदेही के सवाल को लेकर मुखर रहा है। बताया गया है कि कार्मिक एवं पेंशनर संघों के साथ ही विभिन्न राज्य आन्दोलनकारी एवं गैर राजनी. तिक संगठनों के प्रबुद्धजनों से विचार विमर्श करने के उपरान्त संयुक्त रूप से उक्त विचार गोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया गया है। विज्ञप्ति में राज्य प्राप्ति के आन्दोलन में ऐतिहा. सिक भूमिका निभाने वाले हर समुदाय के उन लोगों से गोष्ठी में प्रतिभाग करने की विशेष अपील की गई है जो आज भी राज्य हित में चिन्तनशील एवं संघर्षशील हैं। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने बताया कि मंच आवाज दो हम एक हैं के नारे को ही शहीदों का मूल सपना मानता है और इसे धरातल पर साकार कराने के लिए संकल्पबद्ध है।

# श्रीगणेश महोत्सव में सजा खाटू का दरबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्री शिव सेवा समिति की और से लक्ष्मी शिशु मंदिर स्कूल में स्व. सुरेन्द्र नागर की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 187 बच्चों में भाग लिया। शाम को भव्य डांडिया डांस हुआ जिसमें कपल व ग्रुप डांडिया की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम सह संयोजक शिव कपूर व अमित ने बताया कि कल खाटू श्याम बाबा भव्य दरबार सजाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा व मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कि सुबह 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा तथा शाम चार बजे खाटू श्याम निशान यात्रा धर्मपुरा बरेली रोड से कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी। इस दौरान सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट, कांग्रेस नेता ललित जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पार्षद प्रीति आर्या, प्रेम बेलवाल, हेमन्त शर्मा, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रदीप कक्कड़, शिव कपूर, साहू प्रमोद आर्य, मीमांसा आर्य, पूरन सागर, दिनेश अग्रवाल, मुरली मुलानी, सुशील कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे। **इधर,** वैश्य महासभा के तत्वावधान में आयोजित 22 वें श्री गणेश महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित पवन झा के श्री गणेश महिमा का गुणगान करके हुआ। इसके बाद सनातन धर्म पर आधारित एक प्रश्ना. ेत्तरी कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रिदम डांस क्लासेस नवाबी रोड के कलाकारों ने पार्वती कथा तथा क्लासिकल डांस, राधा-कृष्ण तथा लाई हाई डांस स्टूडियो के कलाकारों ने गोलोक रस, एलजे संगीत स्कूल ने द्रोपदी चीर हरण की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, एकता अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, डा. अमीशा अग्रवाल, बद्री प्रसाद, मनोज अग्रवाल, हिमांशु वार्ष्णेय, गौरव गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, अभिनव वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राजीव जायसवाल, पंकज जायसवाल, कपिल अग्रहरि, सीमा देवल, मंजू वार्ष्णेय, सुचित्रा जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।



# सड़कें बदहाल, बाकी 'सब चंगा सी': ललित जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में सीवर लाइन बिछाने के नाम पर चल रहे लंबे समय से अधूरे काम अब जनता के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ललित जोशी ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हल्द्वानी की सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़कें और फैली गंदगी आम लोगों के लिए खतरा बन चुकी हैं। बारिश के चलते हालात और भी खराब हो गए हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और रोज़मर्रा की ज़िंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जोशी ने आरोप लगाया कि करीब 2000 करोड़ रुपये के सीवर प्रोजेक्ट का कोई अता-पता नहीं है, और अरबों रुपये के ठेके बाहरी ठेकेदारों को दे दिए गए हैं, जो न जनप्रति. निधियों की सुनते हैं, न जनता की। उन्होंने कहा कि काम की रफ्तार कछुआ गति से भी धीमी है और अधिकारियों की रुचि सिर्फ फोटो खिंचवाने और सब चंगा सी दिखाने में है। हालात इतने खराब हैं कि डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि नालियां जाम पड़ी हैं और सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। ललित जोशी ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दीपावली तक सड़कों की मरम्मत और सीवर कार्य पूरा नहीं हुआ, तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर होगी।



# जुलूस-ए-मोहम्मदी में दोपहिया वाहनों पर पाबंदी

## हल्द्वानी के उलेमाओं तथा इंतज़ामिया कमेटी ने लिया अहम फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 5 सितंबर को होने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर शहर के उलेमाओं और बनभूलपुरा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने एक अहम फैसला लिया है। इस बार जुलूस में दोपहिया वाहनों और डीजे सिस्टम पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

यह निर्णय लाइन नंबर 17 स्थित गफ्फारी मस्जिद में हुई एक अहम बैठक में लिया गया, जिसमें जुलूस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर 1 बजे तक सम्पन्न होगा। इसके बाद विशेष दुआ कराई जाएगी। साथ ही, जुमे की नमाज़ शहर की सभी मस्जिदों में दोपहर 2 बजे अदा की जाएगी। उलेमाओं और इंतज़ामिया कमेटी के सदस्यों ने अपील की है कि सभी अकीदतमंद जुलूस में पैदल शिरकत करें और शांतिपूर्ण, अनुशासित माहौल में अकीदत और मोहब्बत का पैग़ाम देते हुए नज़ीर पेश करें। कमेटी ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कदम भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। मीटिंग में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शेख मोहम्मद कादरी, मुफ्ती मौलाना मोहम्मद अकरम, मुफ्ती नईम अज़हरी, मुफ्ती उवैस रज़ा समेत कमेटी हाजी इंतज़ार मेम्बर साहब, हसीन खां, वारसी ज़मीर अहमद, शराफत खान, सय्यद रेहान मियां, हसनैन ख़तीबी, शाहनवाज़ सैफी, ज़हीद बाबा, नबी गफ्फारी, आसिफ अंसारी मौजूद रहे।



## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की लापरवाही पर एसएसपी पीएन मीणा ने कार्रवाई करते हुए सेल के सभी कार्मिकों को लाइन हाजिर किया है। बता दे कि एसएसपी मीणा के लगातार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल बच्चों की रिकवरी, भिक्षावृत्ति एवं अनैतिक देह व्यापार से जुड़े मामलों में कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं करा रहा था। एसएसपी ने इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की प्रभारी मंजू ज्याला, हेड कांस्टेबल गीता कोठारी, दीपा सिंह, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, मनोज यादव, इंद्रा जोशी को शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी मीणा ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्यों के प्रति लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिवेन्द्रालय में मनाया खेल दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवेंद्रालय स्पेशल स्कूल हिम्मतपुर तल्ला में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अद्भुत खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि दीपक बल्यूटिया और दिनेश चंद्र पंतोला ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। इसके पश्चात विशेष रूप से सक्षम छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और समूह गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने योग प्रदर्शन के साथ-साथ पिक एंड ड्रॉप रेस, म्यूजिकल चेयर सहित कई रोचक खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। दोनों अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के कार्यों की भी खुले मन से प्रशंसा की। इस मौके पर शिवेंद्रालय की संस्थापक भावना धौनी, प्रधानाचार्य तनुजा चुफाल, वंडर ब्रेन फाउंडेशन की सचिव और काउंसलर मीता जोशी, गीता पांडेय, आस्था कांडपाल, मधु, मीरा राज, गंगा खनी, निशा उपाध्याय, पूजा बिष्ट, रवि जोशी, स्वीटी अधिकारी, नीलम रौतेला आदि मौजूद रहे।



# धार्मिक पुस्तक वितरण को लेकर दो पक्षों में विवाद

## पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में धार्मिक पुस्तकों के वितरण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि एक पक्ष की महिला ने दूसरे पक्ष पर धमकी देने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, जबकि दूसरे पक्ष ने महिला पर धर्मविरोधी पुस्तकें बांटने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कृष्णा विहार, काठगोदाम निवासी लीला नाम की महिला ने पुलिस सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 20 अगस्त को वह भगवद गीता, वेद और पुराण जैसे धार्मिक ग्रंथों की पुस्तकें मोहल्ले में वितरित कर रही थीं। इसी दौरान हिमांशु जोशी नाम का व्यक्ति करीब 10 से 12 लोगों के साथ वहां पहुंचा और उन्हें पुस्तक वितरण से रोक दिया। महिला का आरोप है कि इन लोगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि लीला नाम की महिला कथित रूप से धर्मविरोधी सामग्री लोगों को बांट रही थी। उनका कहना है कि ये पुस्तकें हल्द्वानी के डहरिया स्थित एक आश्रम से लाई गई थीं, जिसे प्रशासन पहले ही सील कर चुका है। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बागजाला वासियों को भी मिले मालिकाना अधिकारः रोहित कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में मालि. काना अधिकार समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन 12 वें दिन भी जारी रहा। कल यानि आज शनिवार को निकलने वाली वाहन रैली को एकजुट होने का आह्वान किया। बागजाला गांव के अनिश्चिकालीन धरने के बारहवें दिन के मुख्य वक्ता के रूप में वार्ड-27 के पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है उसे गरीबों के आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल की कोई चिंता नहीं है इसलिए ऐसी सरकार के खिलाफ जनता के पास आंदोलन ही रास्ता है। उन्होंने मांग की कि दमुआढुंगा की तरह ही बागजाला गांव को भी राजस्व गांव बनाने की घोषणा राज्य सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने बागजाला की जनता को आश्वस्त किया कि जब तक आपकी लड़ाई चलेगी तब तक वह साथ खड़े हैं। धरने में विमला देवी, हेमा देवी, नन्दी देवी, चंद्रा देवी, तस्लीम अंसारी, परवेज, हरदित्ता सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, परवेज अंसारी, प्रेम सिंह नयाल, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, अनीता अन्ना, डा कैलाश पाण्डेय, किरन प्रजापति, धनी लाल आर्य, ऋषि मटियाली आदि मौजूद रहे।



# युवराज ने जीता स्वर्णपदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल के 11वीं के छात्र युवराज अरोड़ा ने शाहज. हांपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस क्लस्टर में लगभग 40 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। फाइनल स्पर्धा में युवराज अरोड़ा ने जीकेजी इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद के खिलाड़ी पवित्र को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह क्लस्टर रोजी पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर, कलां में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में युवराज को विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप प्रधानाचार्य ममता तनेजा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी तरु उत्तराखंड स्टेट टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में वंदना कटारिया स्टेडियम हरिद्वार में इंस्पिरेशन के छात्र सुमित गढ़िया ने अंडर 17 में प्रथम स्थान, अंडर-19 में द्वितीय स्थान, अंडर-17 में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं गरिमा बिष्ट ने अंडर-17 एवं अंडर-19 में तीसरा स्थान तथा दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक बल्यूटिया एवं चेयरपर्सन डा. गीतिका बल्यूटिया ने दोनों बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डॉक्टरों से अभद्रता पर ओपीडी ठप, मरीज हुए परेशान

**■ पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** उप जिला चिकित्सालय के औषधि काउंटर पर दवा वितरण कर रहे फार्मासिस्टों से मरीज की झड़प हो गई। आरोप है कि बाईपास कॉलोनी निवासी युवक ने दो महिला फार्मासिस्ट से अभद्रता की। गुस्साए डॉक्टरों ने ओपीडी ठप कर दी। जिससे मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सैकड़ों मरीज बिना चिकित्सा लाभ के वापस लौट गए। डॉक्टरों का आरोप है कि आरोपी युवक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रहा है।

शुक्रवार को उप जिला चिकित्सालय में विभिन्न डॉक्टर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं संचा. लित कर रहे थे। तभी एक युवक निशुल्क मेडिसिन वितरण काउंटर पर पहुंचा। इस दौरान युवक का मेडिसिन वितरण को लेकर वहां तैनात प्रशिक्षु फार्मासिस्ट और कर्मचारियों से विवाद हो गया। युवक का आरोप था की दवा के रैपर पर मेडिसिन की डोज सार्वजनिक रूप से अंकित की जाए। आरोप है कि इस दौरान युवक ने मौके पर विवाद कर दिया। युवक मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। सूचना पर पहुंचे चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुलदीप यादव ने युवक से समस्या के बारे में जानक. ारी ली। आरोप है कि युवक डॉक्टर से भी अभद्र व्यवहार कर उलझने लगा। इसके बाद ओपीडी में तैनात डॉक्टर स्टाफ और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपी युवक के दुव्यवहार से रोषित होकर ओपीडी सेवाएं ठप कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अस्पताल परिसर से हिरासत में ले लिया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुलदीप सिंह यादव ने कहा कि आए दिन अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ के दुर्व्यवहार किया जा रहा है। जबकि डॉक्टर नियमित आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इधर ओपीडी सेवाएं बंद होने से अस्पताल परिसर में उपचार कराने पहुंचे गंभीर, सामान्य मरीजों के साथ गर्भवती महिलाओं को हल्कान होना पड़ा। समस्त मरीज बिना उपचार कराएं वापस लौट गए

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलद. ीप यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग 12.15 बजे चिकित्सालय के औषधि काउंटर पर बाईपास कॉलोनी निवासी युवक ने दो प्रशिक्षु फार्मासिस्ट के साथ अभद्रता एवं गाली-गलौज की। देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि औषधि काउंटर पर काफी देर तक हंगामा किया गया। इससे औषधि काउंटर पर कार्य बाधित हो गया। चिकित्सालय की ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाएं बाधित की गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बीती रात से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं चारों तरफ जल भराव की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को सुबह लगभग 6:30 बजे आकाशीय बिजली के चपेट में आने से एक 39 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

खटीमा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 कंजाबाग निवासी ठग्गो देवी उम्र लगभग 39 वर्ष पत्नी फिरता सिंह सुबह के समय नल पर पानी भरने गई थी, जहां अचानक आकाशीय बिजली के गिरने से चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके उपरांत महिला को आनन-फानन में 108 सेवा की मदद से सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही की। इसके साथ ही शव की पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मृतका के दो बच्चे हैं जिसमे एक लड़की आरती लगभग 20 वर्ष तथा एक लड़का शिवा लगभग 14 वर्ष का है। वहीं इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## एक नजर

# चाणक्य लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हुआ खेलों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर विभिन्न खेलों का आयोजन कराया गया, जिसमें बैडमिंटन, डार्ट शतरंज और मैनेजमेंट गेम्स प्रमुख रहे।



बैडमिंटन में बालक वर्ग में आलोक वर्मा विजेता तथा फुरकान उप विजेता रहे रहे। बालिका वर्ग में सुरभि, प्रज्ञा विजेता और रिया गोस्वामी उप विजेता रहीं। शतरंज में बालक वर्ग में प्रांजल और बालिका वर्ग में कल्पना बिष्ट विजेता रहे। डार्ट में बालक वर्ग में विजेता सुरजीत, उप विजेता अभय जीत, बालिका वर्ग में विनीता विजेता तथा मानसी उप विज. ता रही और मैनेजमेंट गेम्स में रूबी आशीष तथा सतनाम विजेता रहे। इस अवसर पर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए आंखों की मुफ्त जांच हेतु एक शिविर भी लगाया गया। इस अवसर प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी और प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, डा. आयशा अमीन प्रतिभा सिंह, डा. रुबीना, उपासना तिवारी, मनप्रीत कौर, डा. हरकमल कौर, आकांशा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध शराब/नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में जसपुर पुलिस द्वारा 80 पाउच कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार सूत मिल चौकी इंचार्ज उ.नि. इन्द्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बहादुरपुर को जाने वाली सड़क की पुलिया के पास जसपुर से मिंदर सिंह पुत्र काला सिंह निवासी तीर्थनगर भोगपुर डाम , थाना जसपुर को मोटरसाइकिल संख्या UK07AQ-8562 पर परिवहन एक प्लास्टिक के कट्टे में 80 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई इंद्र सिंह ढेला, का. अरुण कुमार, कपिल ओली आदि शामिल रहे।

# चीनी मिल प्रशासन ने जारी किए मकान खाली करने के नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चीनी मिल प्रशासन द्वारा मिल कर्मियों को मकान खाली करने के नोटिस जारी किए जाने से रोषित मिल कर्मियों ने युवा भाजपा नेता रिंकू शर्मा की अगुवाई में क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। जिस पर क्षेत्रीय सांसद भट्ट ने चीनी मिल प्रशासक व डीएम ऊधम सिंह नगर को दूरभाष पर समस्या निदान करने के लिए निर्देशित किया। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि चीनी मिल में निवासरत कर्मियों को कतई परेशान नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर विकास कुमार, पवन कुमार, देवेंद्र कुमार, राजा, आशुतोष पाण्डेय, रवि, पवन पाल, एडविन, पप्पू, आकाश आदि उपस्थित रहे।



**कर्मियों ने सांसद दरबार में लगाई गुहार**

# मेलाघाट एसएसबी कैंप के समीप विद्युत पोल क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मूसलाधार बारिश के चलते आज शुक्रवार सुबह नेपाल बॉर्डर से लगे मेलाघाट क्षेत्र में एसएसबी कैंप के समीप एक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। यहां पानी भरने से आपूर्ति सुचारू नहीं हो पायी। एसडीओ अंबिका यादव ने बताया कि जलस्तर घटने पर लाईन दुरुस्त की जायेगी। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था सुचारू कर दी गयी है।

# लिटिल किंगडम प्रिपेट्री स्कूल में हुआ खेल दिवस का आयोजन

**■ विद्यालय के प्रशासक ने किया नई क्रिकेट पिच का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम प्रिपेट्री स्कूल में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नई क्रिकेट पिच का शुभारंभ विद्यालय के प्रशासक हरिन्दर सिंह पुरी के करकमलों द्वारा हुआ। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, साहस और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयं बच्चों के साथ मैदान में उतरकर बैट और बॉल से खेल का आनंद लिया। बच्चों ने खेल के महत्व और टीम भावना को समझते हुए पूरे उत्साह से भाग लिया।



विद्यालय की प्रशासिका परविंदर पुरी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और बच्चों के सर्वांगीण विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय के प्रधानाचार्या ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ष्खेल से शरीर और मन दोनों का विकास होता है। विद्यार्थी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई - दौड़ प्रतियोगिता, कबड्डी, रस्साकशी, खो-खो, क्रिकेट मैच आदि। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विज. ेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार को आशा है कि यह क्रिकेट पिच विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन और स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना को और अधिक प्रोत्साहित करेगी।

इस कार्यक्रम में स्कूल की वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रशासक हरिन्दर सिंह पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पुलिस के धरपकड़ अभियान में एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद उधमसिंहनगर के निर्देशानुसार वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, कोतवाली जसपुर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।



प्राप्त जानकारी अनुसार अभियुक्त राजू पुत्र शिवचरण निवासी खरीलपुर थाना ठाकुरद्वारा उत्तर प्रदेश को केस क्राइम नंबर 75/2020 धारा 60 आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया गया। राजू उपरोक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पुलिस जसपुर राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि जसपुर पुलिस का वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। जसपुर को नशामुक्त/अपराध मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रहेगी कोई भी पीड़ित सीधे कोतवाली जाकर अपनी समस्या के लिए उनसे संपर्क कर सकता है वह और उनकी पूरी टीम इसके लिए 24 घंटे तैयार रहेंगी।

वारटीं को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संतोष देवरानी, हेड का. देशराज सिंह, का. अशोक पवार आदि शामिल रहे।

# निगम की टीम ने 14 का किया चालान, 94 हजार का जुर्माना वसूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल और मेयर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने क्षेत्र के वार्ड नंबर 49 में सड़कों पर अतिक्रमण कर गाय-भैंस पालने और गोबर एवं गंदगी को नदी में प्रवाहित करने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 12 लोगों का चालान किया। इनसे कुल 88 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं, घासमंडी क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने के मामले में दो अलग-अलग लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें से एक मुर्गे की दुकान संचालक भी शामिल था।

दोनों से कुल 6 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण या गंदगी फैलाने की स्थिति में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोड डंपरों का विरोध करना कांग्रेस नेताओं को पड़ा भारी

**■ डंपर चालक की तहरीर पर कांग्रेस नेता और पार्षद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज**

**■ विरोध की कवरेज करने गए कुछ पत्रकारों के भी नाम आए मुकदमे की जद में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ओवरलोड डंपरों के खिलाफ सड़क पर उतरकर मोर्चा खोलना कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ गया। चालक चालक की तहरीर पर पुलिस ने कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, कांग्रेस पार्षद परवेज कुरैशी सहित 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं इस मुकदमे की जद में कुछ पत्रकार भी आ गए हैं, जो विरोध की कवरेज करने मौके पर गए थे।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से रुद्रपुर और आसपास के इलाकों में ओवरलोड डंपरों की वजह से लगातार हादसे हो रहे थे। इस पर नाराज होकर कांग्रेस नेताओं ने खुलकर मोर्चा खोलते हुए इंदिरा चौक के पास कुछ ओवरलोड डंपरों को रोककर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। यहां तक कि धर्म कांटे पर डंपरों का वजन तौला गया, जिसमें तय मानक से अधिक भार पाया गया। कांग्रेस नेताओं के इस अभियान की कवरेज के लिए मौके पर कई पत्रकार भी पहुंचे और उन्होंने घटनाक्रम की लाइव कवरेज भी की। अब वही विरोध कांग्रेसियों और पत्रकारों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। बरेली निवासी डंपर चालक रामप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। चालक का कहना है कि 28 अगस्त 2025 को वह अपने डंपर संख्या यूपी 25 एफटी 8597 में डिल्लन क्रेशर, छोई मोड़ से रेत भरकर बरेली जा रहा था। इंदिरा चौक से आगे किच्छा रोड पर अचानक कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा और पार्षद परवेज कुरैशी अपने 10 15 साथियों के साथ आ धमके और गाड़ी को रोक लिया। तहरीर के मुताबिक आरोप है कि उक्त लोगों ने चालक को जबरन गाड़ी से बाहर खींच लिया और गाली-गलौज करने लगे। चालक का दावा है कि उनसे धमकी दी गई कि अगर वह हर 10-15 दिन में खर्चा नहीं देगा तो उसका रेत-बजरी का काम बंद करवा दिया जाएगा। इतना ही नहीं, आरोपितों ने जबरन गाड़ी और माल के कागज भी चेक किए। चालक के अनुसार, सभी कागजात सही थे और गाड़ी अंडरलोड थी। रामप्रक. ाश ने कहा कि आरोपित लगातार दबाव और धमकी दे रहे थे, जिससे स्थिति बिगड़ गई।

चालक का कहना है कि मौके पर हालात बिगड़ने लगे थे और यदि पुलिस समय पर न पहुँचती तो उसकी जान को गंभीर खतरा था। पुलिस ने चालक की तहरीर पर जबरन वाहन रोकने, धमकी देने और अवैध वसूली की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज इस मुकदमे ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी पैदा कर दी है।

वहीं, विरोध की कवरेज करने वाले पत्रकारों के भी मुकदमे की जद में आने से पत्रकार जगत में रोष है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे तो सिर्फ जनहित में ओवरलोड डंपरों का विरोध कर रहे थे ऐसे में उन पर केस दर्ज होना लोकतांत्रिक अधिकारों पर कुठाराघात है।

# डायनेस्टी गुरुकुल में मनाया गया हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी में आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, साथ ही उनके जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें बालक -बालिकाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिता के साथ अन्य खेल सम्मिलित थे।



विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद को कड़ी मेहनत व लगन के चलते पूरे विश्व में याद किया जाता है। खेल के प्रति उनके समर्पण को भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट ,प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, खेल प्रशिक्षक भरत बिष्ट, गोविंद सिंह, विजय रावत, दया किशन पंत, कमल इकराल, मनीषा कुंवर, हरीश भट्ट एक्टिविटी इंचार्ज सुरेश ओली, चामू दानू, दिगंबर भट्ट , अशोक जोशी, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा भट्ट , लिंसी त्यागी, ऊषा चौसाली व विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# योजनाओं को लेकर गंभीरता से काम करें अधिकारी: मंडलायुक्त

**■ भारत सरकार द्वारा चिन्हित आकांक्षी जनपद व आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत सरकार द्वारा चिन्हित आकांक्षी जनपद व आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत ने स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला सभागार में बैठक लेते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि समाजिक व आर्थिक संकेतांकों में पिछड़े जनपद व ब्लाक को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद व ब्लाक चिन्हित किए गए है। जिसमे जनपद उधमसिंह नगर व विकास खण्ड गदरपुर शामिल है। उन्हांने कहा भारत सरकार द्वारा सामाजिक व आर्थिक रूप से वास्तविक पिछड़ो को चिन्हित कर उनको विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर को उठाकर उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोड़ना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने पूरे भारत में चिन्हित 112 आकांक्षी जनपदों में उधमसिंह नगर 04वां स्थान आने पर सभी को बधाई दी। मण्डलायुक्त ने नीति आयोग के सामाजिक व आर्थिक संकेतांको पर किए जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं को शतप्रतिशत पंजीकरण करने व हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव और बढ़ाने के निर्देश दिये साथ ही शतप्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने अल्ट्रासांड मशीनों को नियमित औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि प्रसव पूर्ण लिंग निर्धारण कतई न हो सकें व बालक-बालिका अनुपात बढ़ाया जा सकें।



मण्डलायुक्त ने सभी विद्यालयों में विद्युत, पेयजल, शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्कूल ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए। उन्होने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट व्यवस्था, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल अन्य ढाचागत विकास पर भी विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाते हुए समाजिक व आर्थिक संकेतांकों में सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देते हुए उनकों समाजिक व अर्थिक रूप से मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों को नीति आयोग की बेवसाईड को नियमित देखने व नवाचार कार्य को आत्मसात करते हुए कार्य करने के निर्देश भी दिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील ने पीपीटी के माध्यम से आकांक्षी जनपद व ब्लाक गदरपुर की विस्तृत जानकारिया दी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डीएमओ यूसी तिवारी, संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या राजेन्द्र तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डा. अभय सक्सेना, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, महाप्रन्धक उद्योग विपिन कुमार, सहायक निद. ेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, सहायक निदेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, सिंचाई बीएस डांगी, आरडब्लूडी अमित भारती, पेयजल निगम सुनील जोशी, एलडीएम चिराग पटेल, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, खण्ड विकास अधिकारी आतिया परवीन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पति की तहरीर पर पत्नी को भगाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा वार्ड संख्या 14 निवासी युवक ने एक युवक पर उसकी पत्नी को भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में गुड्डू सागर ने कहा कि वह शारदा टाकीज के सामने निवास करता है। उसका विवाह 2016 में मुंडेली निवासी सुजाता से हुआ था। जिससे उसकी दो संतानें हैं इसी बीच उसकी पत्नी सुजाता अपने जीजा जय प्रकाश निवासी हरैरपुर थाना उमरिया पीलीभीत उत्तर प्रदेश गई थी। जहां उसका प्रेम प्रसंग ज्योषित सागर से हो गया। अपने जीजा के यहां से वापस लौटने के बाद उसकी पत्नी परिजनों के साथ गलत व्यवहार करने लगी। तीन मार्च 2025 को सुजाता ज्योषित के साथ चली गई। उस समय वह पत्नी को समझा बुझाकर वापस घर ले आया। 14 जून 2025 को वह सुजाता को साथ लेकर 10 बजे सरकारी अस्पताल में दवाई दिलाने गया था। वह पर्चा बनाने के लिए लाइन में लगा था इतने में सुजाता आरोपी के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर चली गई। सुजाता सोने का मंगलसूत्र, कान के कुंडल, हाथ की अंगूठी, दो मोबाइल, दो हजार रुपये नगद लेकर चली गई। जब वह आरोपी के गांव पत्नी को लेने गाया तो आरोपी ज्योतिष सागर और राजपाल ने उसे जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वह उसकी पत्नी से प्रेम करता है। पुलिस ने इस मामले में धारा 351(2) बीएनएस के तहत ज्योतिष सागर और राजपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीड़ित छात्र की तहरीर पर आरोपी छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा में एक स्कूल के दसवीं के छात्र के उसके साथ ही पढ़ने वाले छात्र ने आंख में पेन घोप दिया था। जिससे छात्र की एक आंख खराब हो गई। इस मामले में पहले स्कूल प्रशासन ने उपचार का भरोसा दिया था, लेकिन पीड़ित छात्र के अभिभावकों का आरोप था कि स्कूल प्रशासन और आरोपी छात्र के परिजन किसी प्रकार की मदद नहीं कर रहे हैं। इस मामले में पीड़ित छात्र के अभिभावकों ने प्रदर्शन भी किया। किसी प्रकार का समझौता नहीं होने पर आरोपी छात्र के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंजाबाग पटिया निवासी ममता राणा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र माही राणा सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में दसवीं का छात्र है। वाक्या 11 जुलाई का दोपहर लगभग साढे ग्यारह बजे का है। स्कूल के प्रधानाचार्य रामयश का फोन उसके फोन पर आया कि उसके पुत्र माही को चोट लग गई है। स्कूल का स्टाफ उसे जानकी हास्पिटल में ले जा रहे हैं वह लोग वहीं आ जाएं। वह अपने भाई के साथ जैसे ही खटीमा चौराहे में पहुंचे तो देखा उसके पुत्र के बायी आंख में बेन्डेड लगा था और बहुत खून निकल रहा था। प्रधानाचार्य ने कहा कि जानकी हास्पिटल से दृष्टि अस्पताल हल्द्वानी को रेफर कर दिया है और वह उसे सीधे दृष्टि अस्पताल हल्द्वानी लेकर जा रहे हैं। वहां उन्होंने अपने पुत्र का इलाज कराया। उसके बाद दृष्टि हास्पिटल हल्द्वानी द्वारा शुभानु हास्पिटल भेज दिया गया वहां पर भी इलाज किया गया। जिससे प्रार्थिनी के पुत्र माही की बांयी आंख की रोशनी चली गई। बांयी आंख से कुछ दिखाई नहीं देता है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी छात्र के खिलाफ धारा 118(2) बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किसी की मां के लिए अपशब्द कहना निंदनीयः रावत

- ब्लॉक प्रमुख व सदस्यों को दिलाई गई शपथ
- समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत रामनगर पहुंचे। जहां ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

शुक्रवार को हरीश रावत ब्लॉक प्रमुख के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। ब्लॉक परिसर में एसडीएम प्रमोद कुमार ने ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, कनिष्ठ प्रमुख मीना रावत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी नवनिर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों को साथ लेकर और कंधे से कंधा मिलाकर लगातार विकास कार्य किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि कोई भी व्यक्ति जो अपशब्द कहता है वह गलत है। उन्होंने कहा कि मां तो मां होती है, और जो किसी की मां के लिए अपशब्द कहेगा वह गलत है। ऐसा व्यक्ति इंसान नहीं हो सकता है। हरीश रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को भी आत्ममंथन करना चाहिए क्योंकि भाजपा नेताओं ने भी समय-समय पर कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कई अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारे शीर्ष नेता सोनिया गांधी को लेकर कई बार अभद्र टिप्पणियां की हैं। उसका दर्द आज भी हमें है, लेकिन हम चाहते हैं कि कोई भी कांग्रेसी किसी भी महिला के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग कभी न करे।उन्होंने आपदा को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने उत्तराखंड में हो रही आपदाओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, डॉक्टर निशांत पपने, ताईफ खान, अब्दुल रहमान, सुमित लोहनी, तनुज दुर्गापाल, सचिन कुमार, सलमान सलमानी, नदीम अंसारी, ललित कड़कोटी, अभिमन्यु डंगवाल, मिथलेश डंगवाल, मुबाशिर आलम, भूपेंद्र कुमार, हज्जन नरगिस, हाजी शकील अहमद अंसारी, धीरेंद्र चौहान, किशोर चंद्र, नवीन सती, राहुल डंगवाल, बब्बू चौधरी, शिल्पेंदर बंसल, भुवन डंगवाल, गोपाल अधिकारी, नरेंद्र शर्मा, आशा बिष्ट आदि हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में रामनगर में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं सेवानिवृत जिला क्रीड़ाधिकारी देवेन्द्र चन्द्र भट्ट के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हेम नैनवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हेम चन्द्र पाण्डे, नवेन्दु जोशी, नवीन चंद तिवारी एवं प्रकाश फुलोरिया रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सफक, द्वितीय महक एवं तृतीय पारस पाण्डे रहे, जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वर्षिता बिष्ट, द्वितीय आयुषी जोशी एवं तृतीय इशिता जोशी रहे।

## एक नजर

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त पर जिला खेल कार्यालय द्वारा मेजर ध्यानचंद का माल्यार्पण कर उनकी उपलब्धियों को याद किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित पंत महासचिव ओलम्पिक एसोसिएशन एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी विनोद वल्दिया ने दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर मेजर ध्यानचंद की विश्व जगत में उनकी खेल उपलब्धि के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भूतपूर्व प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं जिला खेल कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षकों ने भी ध्यानचंद जी प्रतिमा पुष्प अर्पित कर उनकी उपलब्धियों को याद किया।

आवासीय बालिका बॉक्सिग छात्रावास की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रताप सिंह, कै. देवी चंद, राजेन्द्र जेठी, प्रकाश जंग थापा, ललित जोशी, नीरज सौन, वल्दिया, प्रकाश जंग थापा, प्रशान्त भैसोड़ा, यतीश ओझा, सुनीता मेहता, सुनील प्रसाद, मुकुल पाठक, नेहा धौनी, चन्द्र सिंह धामी, निखिल महर, गौरव चन्द्र जोशी, भावेश भट्ट , मनोज रावत, विशाल नगरकोटी, माया, पंकज भट्ट , किशन सिंह, गणेश सिंह, ललित प्रसाद कापड़ी, दिनेश सिंह बिष्ट, सरोज, सुन्दरलाल, सुनील कुमार एवं कई खेल प्रेमी/खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सिंचाई नाला चोक, धान की फसल डूबी, घरों में घुसा बरसाती पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मझोला सिंचाई नाले की साफ-सफाई ने होने से सैंकड़ों एकड़ धान की फसल जगमगन हो जिससे किसानों के माथे चिंता की लकीरें दौड़ गई।

शुक्रवार देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश से सीमांत की कई ग्राम सभाएं में पानी से जलमग्न है, वहीं ग्राम मझोला झील में क्षमता से अधिक होने से झील से लगे खेत पानी से जलमग्न पड़े, जिससे धान की फसल खराब होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय किसानों ने बताया की सिंचाई नाले की साफ-सफाई को लेकर विभागीय अधिकारियों को को लिखित रूप से अवगत कराया, लेकिन कोई सुध नहीं ली गई। आधी रात से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से सरकारी झील ओवरफ्लो हो गई, जिससे आधा दर्जन से अधिक किसानों की धान की फसल जल मग्न है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय किसानों ने सिंचाई नाले की साफ सफाई की मांग की है। यहां सुनील पटेल, सतीश पटेल, ओमकार, काशीराम, राम सिंह, राकेश, श्रीपाल, तस्लीम अहमद, सगीर अहमद, सलमान आदि थे।

# ब्लॉक प्रमुख सहित बीडीसी सदस्यों ने ली शपथ

- बीडीसी की प्रथम बैठक चार सितम्बर को होगी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकासखंड में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा मंत्री वन एवं पर्यावरण परिषद उत्तराखंड सरकार दीपक मेहरा तथा नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष उधम सिंह नगर अजय मोर्या ने शिरकत किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने ब्लॉक प्रमुख सरिता राना, ज्येष्ठ उप प्रमुख भागीरथी राना, कनिष्ट उप प्रमुख गौरव सिंह नेगी सहित सभी नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरिता राना ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में खटीमा विकास खंड को प्रदेश के आदर्श विकास खंड के रूप में स्थापित करने के लिए सभी लोगों के साथ मिलकर कार्य करेंगी। साथ ही खटीमा विकास खंड को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम करेंगे। जबकि कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने ब्लॉक प्रमुख सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ लेने के उपरांत शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा समर्पण भाव से क्षेत्र के विकास हेतु कार्य करने की बात कही।

वहीं खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने कहा कि खटीमा विकास खंड के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख तथा कनिष्ट उप प्रमुख को उपजिलाधिकारी द्वारा उनके पद की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि खटीमा विकास खंड के नए बोर्ड का कार्यकाल शुरू हो चुका है। वहीं चार सितंबर को ब्लॉक सभागार में नए बोर्ड की प्रथम बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य क्षेत्र के विकास व अन्य विषयों पर प्रस्ताव रखकर विकास खंड के विकास संबंधित गति. विधियों को नए बोर्ड के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, किसान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राज्यपाल सिंह, एबीडीओ संजय कुमार गांधी, सहायक विकास अधिकारी शबनम कुरैशी, एडीओ उद्यान गुंजीता भट्ट , लक्ष्मी चंद, सरिता, निर्मला, कमला, रेखा वर्मा, नेहा जोशी, नीता देवी तथा सुनीता आदि सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-2 कुंदन सिंह मनोला ने किया।

## जनता की आवाज दबा रहा है पुलिस प्रशासनः खेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** जिस प्रकार से कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन में दो कांग्रेसी नेताओं और दर्जन भर से अधिक अज्ञात लोगों और पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है, उसको लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहन खेड़ा ने कहा कि पुलिस ने झूठा और फर्जी मुकदमा दर्ज किया है जो जांच के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

जारी बयान में कांग्रेसी नेता मोहनखेड़ा ने कहा कि रुद्रपुर शहर में डंपर काल बन कर दौड़ रहे हैं और आए दिन किसी न किसी निरापराध को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। दो दिन पूर्व ही इंदिरा चौक पर एक व्यक्ति को डंपर ने रौंद दिया ,जिसमें उनकी दर्दनाक मौत हो गई । ऐसे में पुलिस प्रशासन से शहर में डंपर पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर वह कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा चौक पर प्रदर्शन कर रहे थे, जिसमें स्वाभाविक रूप से मीडिया भी मौजूद था। लेकिन पुलिस ने उनके और पार्षद कुरैशी समेत कई पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज कर दिया, जो दर्शाता है कि पुलिस प्रशासन जनता की आवाज को सुनना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि झूठा मुकदमा जो पुलिस ने दर्ज किया है उसे जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी।

# सामूहिक प्रयास से बनाया जाएगा मॉडल ब्लॉकः महेंद्र

- एसडीम नितेश डागर ने दिलाई ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख एवं बीडीसी सदस्यों को शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** ब्लॉक के नवें ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह ढेक सबका साथ सबका विकास एवं सब का विश्वास के मूल मंत्र के साथ ऐसा कार्य करेंगे जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर एवं ग्रामीणों की तकदीर बदलेगी। सरकार का पैसा पूरी तरह जनता की भलाई में लगाया जाएगा। यह बात शपथ ग्रहण करने के बाद ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढेक ने व्यक्त किए।

एसडीएम नितेश डांगर ने समारोह पूर्वक ब्लॉक प्रमुख समेत ज्येष्ठ प्रमुख किशोर रावत, कनिष्ठ प्रमुख प्रकाश चंद, सहित बीडीसी के सभी 34 सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

वीडियो केएस रावत के संच. ालन में हुए समारोह में भाजपा के प्रभारी एडवोकेट शंकर दत्त पांडे ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को आपसी सहयोग, परस्पर समन्वय के बल पर ग्रामीणों की आशाओं की कसौटी में खरा उतरना सभी का लक्ष्य होना चाहिए। यहां भाजपा प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य सतीश चंद्र पांडे, नरेश करायत, गिरीश कुंवर, देवेंद्र पाटनी, चंद्रशेखर बगौली, मोहित पाठक, भैरव दत्त राय आदि मौजूद थे।

# विकास खंड में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- रीना गौतम ने ली ब्लॉक प्रमुख पद की शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विकास खंड रुद्रपुर की नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय सिंह, कनिष्ठ उप प्रमुख भारती देवी सहित सभी नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज ब्लॉक सभागार में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति देखने को मिली, जिससे पूरा सभागार खचाखच भर गया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट द्वारा नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर की गई। इसके उपरांत ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय सिंह और कनिष्ठ उप प्रमुख भारती देवी को शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने अपने संबोधन में कहा यह लो. कतंत्र का पर्व है और जनता की भागीदारी इसकी असली शक्ति। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार पंचायत और ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा आज का दिन रुद्रपुर क्षेत्र के लिए एक नई शुरुआत है। ब्लॉक प्रमुख एवं सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में जो विकास की गति बनी है, वह अब ग्राम स्तर तक पहुंचेगी। हमें विश्वास है कि नए प्रतिनिधि टीम भावना से कार्य करते हुए विकास को नई दिशा देंगे।

ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा जनता की सक्रिय भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और आज का यह आयोजन इसी भागीदारी का सजीव उदाहरण है।

हमें उम्मीद है कि सभी निर्वाचित सदस्य विकास को प्राथमिकता देते हुए मिलकर कार्य करेंगे शपथ ग्रहण समारोह में खंड विकास अधिकारी आशीत आनंद, सहायक खंड विकास अधिकारी डीके पंत, नगला नगर पालिकाध्यक्ष सचिन शुक्ला, भाजपा किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, गोल्डी गोराया, सत्यभान, पिंकी डिमरी, सुरेश कोली, हरीश कोरंगा, बंटी खुराना, नारायण पाठक, मनमोहन सक्सेना, दीपक मिश्रा, दीपिका देवी, पूजा कुमारी पूजा, तुलसी देवी, राहुल कुमार, रेखा, मनीषा, परवीन, निशा, नेमा, सोनी गंगवार, कुमारी रोली, कावल सिंह, मेहरबान सिंह, उस्मान, रविंदर गंग. वार, छत्रपाल, बीरेंद्र यादव, आशीष यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** 'खेलने कूदने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का है यही विकल्प' वास्तव में यह पंक्तियां वर्तमान में खिलाड़ियों समेत आमजन को उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने का मूल मंत्र है। जिससे खिलाड़ी अपने खेलों से व्यक्तित्व व ख्याति प्राप्त करने के साथ ही भविष्य को संवारने का रास्ता तय करता है।



इस अवसर पर वालीबॉल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

उक्त पंक्तियां शेरेटन अकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पूर्व हॉकी के जादूगर नाम से मशहूर खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार सैनी ने विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन की घटनाओं को खिलाड़ियों से साझा किया। इस मौके पर विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पंडित पूर्णानंद तिवारी विद्यालय की टीम विजेता तथा शेरेटन अकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल उपविजेता रहा। तीसरा स्थान पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा की टीम ने हासिल किया। टूर्नामेंट में सात विद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के महा प्रबंधक दीपक सिंघल के पुत्र श्रेय सिंघल व युवा कल्याण विभाग के अधिकारी अमित कुमार सैनी ने संयुक्त रूप से मेडल, प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक रवि कुमार, ब्लॉक खेल समन्वयक सुभाष चंद्र, शुभम चौहान, मोहन सिंह, अनमोल, दीपेश, अशोक कुमार, रमेश सिंह, रवि चौहान आदि मौजूद रहे।

# अब पांच सितंबर को लेंगे नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य अपने पद की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की पूर्व सूचना के अनुसार पहली सितंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बिष्ट के अनुसार अब पांच सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छह सितंबर को नवनिर्वाचित जिला पंचायत बोर्ड की पहली बैठक जिला पंचायत हाल में आयोजित की जाएगी।

# खेल हमारे जीवन के हर क्षेत्र की है अनिवार्य आवश्यकताः कमांडेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आइटीबीपी की 36वीं वाहिनी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज कमांडेंट संजय कुमार ने सभी हिमवीरों एवं राजीव नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई।

उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा खेलों से हमारे व्यक्तित्व का विकास ही नहीं करते हैं, बल्कि इससे हममें आगे बढ़ाने की स्पर्धा पैदा होती है, अनुशासन में रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए नशे से दूर रहने की भी नसीहत दी। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी मेघराज मीणा, सूबे सिंह, उप सेनानी नारायण सिंह गरखाल, मुकेश चंद, सहायक सेनानी गौरव कुमार, अनिल कुमार, जितेंद्र रावत, डॉक्टर असरा समेत हिमवीर मौजूद थे।

# ससमय लक्ष्य पूर्ती के साथ परियोजना गतिविधियों की गुणवत्ता लाने पर जोर

- सीडीओ चंपावत द्वारा की गई ग्रामोत्थान परियोजना की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विकास भवन सभागार चंपावत में मुख्य विकास अधिकारी डा जीएस खाती की अध्यक्षता व मार्गदर्शन में ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित परियोजना गतिविधियों की प्रगति समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान अल्ट्रा पुवर पैकेज, प्रथम व द्वितीय शेयर मैचिंग, लघु उद्यम योजना के तहत व्यक्तिगत व सामुहिक उद्यम स्थापना व संचालन , वे साईड एनीमिटीज, वीओ स्तर पर उन्नत कृषि यंत्रों की उपलब्धता, सीएसए प्रशिक्षण योजना, प्राईवेट पार्टनर चयन, विभागीय अभिसरण आदि पर चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की गई, तथा आगामी लक्ष्य निर्धारित किये गए। सीडीओ द्वारा प्रथम छःमाही में लक्षित गतिविधियों को 15 सितंबर तक पूर्ण करने हेतु संबंधित सेक्टर हैड व ब्लॉक टीम को आवशयक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में चंपावत जनपद में प्रथम चरण में गठित कुल 09 सीएलएफ के अंतर्गत गठित व संच. ालित 77 ग्राम संगठनों मे से पूर्व में चयनित 38 ग्राम संगठनों को फार्म मशीनरी बैंक के तहत छोटे व उन्नत कृषि यंत्रों की उपलब्धता हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। जिसके तहत लोहाघाट ब्लॉक में 10, पाटी में 09, बाराकोट 08 तथा चंपावत में 11 ग्राम संगठनों का एफएमबी हेतु चयन किया गया।

गौरतलब है कि इस योजना के तहत कृषि यंत्र क्रय हेतु प्रत्येक ग्राम संगठन को रु चालिस हजार ग्रामोत्थान से सहयोग व दस हजार ग्राम संगठन द्वारा वहन किया जाना है। समीक्षा बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक शुभंकर कुमार झा, सहायक प्रबंधक संस्थाए व समावेशी प्रकाश चंद्र पाठक आजी. विका सुमित कुमार मूल्यांकन व अनुश्रवण सचिन चंखवान, सेल्स अतुल सिरस्वाल, वित्त हिमांशु व ज्ञान प्रबंधन नीरज पंत तथा वर्चुअल माध्यम से समस्त खंड विकास अधिकारी एवं ग्रामोत्थान ब्लॉक स्टाफ उपस्थित रहा।

## शिशुपाल सिंह रावत ने की दुष्यंत कुमार गौतम से भेंट



**अगले हफ्ते रामनगर भ्रमण पर आएंगे सांसद अनिल बलूनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम से उनके निवास पर भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने भाजपा नेताओं और समर्थकों के साथ दिल्ली में भेंट कर उनका आश्रीवाद लिया।

भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि उनका स्नेह और आशीर्वाद लंबे समय तक मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं गढ़वाल लोकसभा सांसद अनिल बलूनी से भी भेंट की। उन्होंने बताया कि उनकी सादगी, दूरदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण मेरे लिए बहुत ही प्रेरणादायक रहा। उन्होंने बताया कि दोनों ही वरिष्ठ नेताओं से उत्तराखंड और रामनगर की राजनीति के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सांसद अनिल बलूनी अगले हफ्ते रामनगर भ्रमण पर आएंगे। उनसे रामनगर के धनगढ़ी पुल और वन ग्रामों के मामले में भी वार्तालाप हुई। जिस पर सांसद अनिल बलूनी ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान काशीपुर के पार्षद संजय शर्मा,राकेश नेगी,मुकेश गुसाई, हिमांशु राजपूत, कैलाश जोशी,जगत सिंह रावत, श्वेता अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# वन एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर के दिशा-निर्देशों के अनुसार मॉनसून काल में वन एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर कॉर्बेट के कालागढ़ के एसडीओ बिन्दर पाल नेतृत्व में कार्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना, ढेला, कालागढ़ रेंज व सुरक्षा इकाई द्वारा तराई पश्चिमी वन प्रभाग के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व की दक्षिणी सीमा पर ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। संयुक्त फ्लैग मार्च झिरना रेंज के झिरना वन विश्राम भवन क्षेत्र से शुरू किया गया। जहां एसडीओ बिन्दर पाल द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च में आधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर फ्लैग मार्च को रवाना किया गया। फ्लैग मार्च लालढांग वन क्षेत्र से होते हुए ढेला पहुंचा। वहां से जन-संपर्क अभियान चलाते हुए संयुक्त फ्लैग मार्च विभिन्न ग्रामों सावल्दे, बासीटिला हाथीडगर पहुंचा।फ्लैग मार्च वन क्षेत्रों के सीमावर्ती विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए मालधन, पतरामपुर, कल्लूवाला, धारा, मालोनी पहुंचा। ग्रामीणों से बात करते हुए फ्लैग मार्च मीरापुर, भिक्कावाला से होते हुए कालागढ़ पहुंचा। जहां अधिकारियों और कर्मचारियों की डी-ब्रीफिंग के बाद संयुक्त फ्लैग मार्च का समापन किया गया।फ्लैग मार्च के मार्ग में पडे विभिन्न आबादी क्षेत्रों में ग्राम, खत्ते, कस्बों में स्थानीय लोगों के साथ जन-संपर्क स्थापित कर मॉनसून काल के दौरान वन एवं वन्यजीव सुरक्षा दृष्टिगत संभावित आपराधिक गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारियां प्रदान की गयीं।इस दौरान एसडीओ बिन्दरपाल,रेंजर नन्द किशोर रूवाली, भानू प्रकाश हर्बोला,संजय पाण्डे, महेश चन्द्र जोशी,नवीन चन्द्र पपनै आदि मौजूद थे।

# मां के जयकारों से भक्तिमय रहा माहौल

## 21 पौधों का सांस्कृतिक परंपरा में रोपण, कदली वृक्ष का स्वागत किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठि धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत शुक्रवार को भक्तजन ज्योलीकोट के समीप स्थित चोपड़ा गांव के चंदन सिंह जीना के आवास से कदली वृक्षों को लेकर नैनीताल पहुंचे। कदली वृक्षों के नैनीताल पहु. चने पर मां नंदा सुनंदा के जयकारों के बीच माहौल भक्तिमय हो गया। कदली वृक्षों को नगर भर में भ्रमण करने के बाद शाम को मां नयना देवी मंदिर परिसर में उनकी विशेष पूजा अर्चना की गयी। दूसरी ओर अब शनिवार (आज) इन कदली वृक्षों से मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण किया जाएगा। चोपड़ा गांव में कदली वृक्षों का विधि विधान के साथ पूजन पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा किया गया। इस दौरान



प्रकृति प्रेमी यशपाल रावत द्वारा दिए गए 21 पौधों का सांस्कृतिक परंपरा में रोपण किया गया।

उसके बाद वाहन के जरिए कदली वृक्षों को चोपड़ा से सूखाताल लाया गया जहां पर आदर्श रामलीला कमेटी तथा मातृ शक्ति द्वारा कदली का भव्य स्वागत किया गया। कदली पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बाद में कदली वृक्ष लेकर भक्तजन मल्लीताल बाजार माल रोड होते हुए तल्लीताल मां वैष्णव देवी मंदिर में पहुंचे वहां पर कदली पूजन के साथ भरी संख्या में लोग कदली को कंधे पर उठाने को तैयार रहे। बाद में काफी संख्या में स्कूली बच्चे व महिलाएं घाघरा पिछोड़ा तथा टोपी में जलूस के साथ तल्लीताल बाजार, मालरोड, मल्लीताल बाजार, सभा भवन होते हुए मां नयना देवी मंदिर पहुंचे जहां आचार्य जोशी ने कदली पूजन कराया तथा लोक पारंपरिक कलाकार चंद्र प्रकाश साह ने मूर्ति निर्माण के प्रथम चरण के कार्य को शुरु किया। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत गिरीश जोशी, बिमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, हरीश सिंह राणा, देवेंद्र लाल साह, राजेंद्र लाल साह, रमेश जोशी, मुन्नी तिवारी, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, मुकुल जोशी, नवीन पांडे, ज्योति कांडपाल, एडवोकेट मनोज साह, दिनेश भट्ट, भीम सिंह कार्की, कैलाश जोशी, प्रो. ललित तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### चोपड़ा गांव से विदा हुए कदली वृक्ष

**नैनीताल।** ज्योलीकोट के समीप ग्राम सभा चोपड़ा में मां नंदा सुनंदा मूर्ति निर्माण के लिए कदली वृक्ष ले जाने की परंपरा की धूमधाम से संपन्न हुई। बीती रात्रि और शुक्रवार को पूरा इलाका मां के जयकारों सी गूंजता नंदा सुनंदा मय हो गया। शुक्रवार को पूजा अर्चना और अनुष्ठानों के साथ परंपरागत परिधानों में महिलाओं और ग्रामीणों ने कदली वृक्ष को नैनीताल के लिए विदाई दी गई। बीती रात भजन-कीर्तन कर देवी की आराधना की। उल्लेखनीय हैं कि इस वर्ष कदली वृक्ष ग्राम सभा चोपड़ा निवासी चंदन सिंह जीना के घर से ले जाया गया। मेजबान ग्रामीणों की व्यवस्थाओं और स्वागत सममान से कदली वृक्ष लेने आया श्रद्धालुओं के दल ने बेहद प्रसन्नता जताई और आभार व्यक्त किया। ग्राम प्रधान गीता जीना, बीडीसी गीता जीना, पूर्व प्रधान दान सिंह जीना, महेंद्र नेगी, चंदन जीना, अजय जीना, आरजे पंकज जीना और अरविंद पडियार, तारा सिंह जीना, हरगोविन्द रावत, चंद्रशेखर भट्ट, एडवोकेट लक्ष्मण जीना, उदय जीना, पान सिंह सिजवाली के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नैनीताल से आए दल का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने मां नंदा-सुनंदा की भक्ति में सरोबार होकर पूरी रात जागरण किया और भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्रामवासी और बाहर से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्साह और आस्था से सराबोर रहा।

## एक नजर

### बेलुवाखान में नेत्र शिविर

**नैनीताल।** भीमताल ब्लाक के बेलुवाखान ग्राम सभा में ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल के सहयोग से दृष्टि सेंटर फार एडवांस आई केयर सेंटर हल्द्वानी की ओर से शुक्रवार को निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में सौ से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गयी जिसमें से 8 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई जिनके अब हल्द्वानी केयर सेंटर में फ्री में आपरेशन होंगे। शिविर में आई केयर सेंटर के विशाल श्रीवास्तव, प्रभात बिष्ट, गंगा प्रसाद, नरेश शर्मा समेत राजेंद्र मनराल, योगेश बोरा, हरीश भट्ट, कैलाश ओली, हीरा देवी, मीना तिवारी आदि ने सहयोग दिया। शिविर का लाभ बल्दियाखान समेत मनोरा, ताकुला, चढ़ता, नैनागांव, रूसी के ग्रामीणों ने उठाया।

### कविता गंगोला ने छाता वितरित किए

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में लगातार हो रही बारिश के चलते नैनीताल में वरिष्ठ समाज सेविका कविता गंगोला ने नेक पहल की है। गंगोला की ओर से शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऑडिट रूम निकट नगर पालि. का मल्लीताल में शिक्षिका रोशन आरा एवं ज्योति महारा की देख रेख में बच्चों को बारिश से बचाव के लिए छाता वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभासद भगवत रावत समेत समाजसेवी खजान सिंह डंगवाल, लाल सिंह बिष्ट, शैलेन्द्र बरगली, पूरन सिंह अधिकारी तथा संतोष कुमार उपस्थित रहे।

### पत्रकार रिया जोशी के पिता का निधन

**नैनीताल।** पत्रकार रिया जोशी के पिता विजय जोशी (63) का निधन हो



गया। वह अपने पीछे पत्नी समेत पुत्र व पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गये हैं। वह बीते कुछ समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार समीपवर्ती पाईंस शमशान घाट में किया गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों ने गहरा दुख जताया है। बता दें दिवंगत विजय जोशी सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय रहा करते थे। शहर के पत्रकारों समेत उनके शुभचिंतकों ने विजय जोशी के निधन पर गहरा दुख जताया है।

### शराब की अवैध बिक्री पर आक्रोश

**नैनीताल।** जिले के ओखलकांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गलनी की पहली बैठक ग्राम प्रधान भावना बर्गली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिलाओं ने क्षेत्र में अवैध रुप से बिक रही शराब पर रोक लगाने की मांग को प्राथमिकता से उठाया। बैठक में महिलाओं ने कहा कि अगर शराब पर पाबंदी नहीं लगी तो वह गांव-गांव जाकर महिलाओं के समूह बनाएंगी और शराब के विरोध में उग्र आंदोलन करेंगी। बैठक में जानकी बर्गली, नंदी बर्गली, कौशल्या, प्रेमा, रेखा, हेमा तथा हीरा समेत अन्य महिलाओं ने विचार रखे।

### शिविर में 100 लोगों ने कराई जांच

**कालाढूंगी।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 में सभासद नसीम जहां के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकार शाकिर हुसैन के निवास पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 100 वार्ड वासियों ने अपनी आंखों की जांच कराई और स्वास्थ्य लाभ लिया। जांच के दौरान 10 से अधिक ग्रामीणों में मोतियाबिंद और नखूना जैसी आंखों की गंभीर समस्याएं पाई गईं, जिनका निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। सभासद नसीम जहां ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए समस्त वार्ड वादियों और ज्योति नेत्रालय हॉस्पिटल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। वहीं इस दौरान भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा आदि मौजूद रहे।

### खुले में शौच करने पर विरोध

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में अशोक पार्किंग स्थल के समीप लोगों के खुले में शौच करने पर लोगों ने विरोध जताया है। आर्य समाज के मंत्री की ओर से ईओ को पार्किंग के समीप शौचालय बनाने की मांग की है। आर्य समाज के मंत्री केदार सिंह की ओर से ईओ को पत्र लिख कहा गया है कि अशोक पार्किंग स्थल पर कोई शौचालय नहीं होने के कारण वाहन चालक व पर्यटक खुले में शौच कर रहे हैं। पालिका भवन के सामने गंदगी फैल रही हैए जिससे नगर का नाम खराब हो रहा है। उन्होंने पार्किंग स्थल पर शौचालय बनाने की मांग की है।

### कोटाबाग ब्लॉक में शपथ ग्रहण

**कालाढूंगी।** कोटाबाग में ब्लॉक प्रमुख ज्येष्ठ प्रमुख कनिष्ठ प्रमुख सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने शपथ ली। शुक्रवार को कोटाबाग के ब्लॉक कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में एसडीएम कालाढूंगी परितोष वर्मा ने नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी व कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत एसडीएम कालाढूंगी ने सभी क्षेत्र पंचायत पर भरोसा जताया कि वे नियमों का पालन करते हुए बिना किसी भेदभाव के पूरे क्षेत्र का विकास करेंगे। समारोह में पहुंचे जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट एवं प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए जनता के विकास की दिशा में काम करने का आह्वान किया। इस दौरान नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। हर छोटे बड़े कार्य सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो को साथ लेकर किए जाएंगे। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी स्वेता सैनी सहित मयंक तिवारी, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, तारा नेगी, उमेश तिवारी, दीपा ढ़ोड़ियाल, अनूप बिष्ट, गोपाल बुधलाकोटी, दिवान सिंह बिष्ट सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# स्लाटर हाउस में बलि की अनुमति मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में नैनीताल में श्री मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान पशु बलि देने के लिए अस्थायी स्लाटर हाउस बनाए जाने की अनुमति दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने लोगों की आस्था को देखते हुए मां नंदा देवी महोसव के लिए स्लाटर में बकरे काटने की अनुमति प्रदान करते हुए नगर पालिका से जगह चिन्हित कर स्लाटर हाऊस बनाने के निर्देश जारी किए। बलि के दौरान कोर्ट ने फूड इंसपेक्टर की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने बलि देते समय सभी नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए हैं। मामले के अनुसार स्थानीय निवासी पवन जाटव व अन्य ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके पूर्वजों के समय से मां नन्दा देवी महोत्सव के दौरान बलि प्रथा चलती आ रही थी परंतु कुछ वर्षो से मंदिर में बकरों के प्रवेश के साथ ही पशु वध पर रोक लगा दी। जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँच रही है। याचिका में उच्च न्यायालय से प्रार्थना की है कि लोगों की धार्मिक आस्था को देखते हुए नन्दा देवी महोत्सव के दौरान बकरों की बलि के लिए अस्थायी शेल्टर बनाने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार बकरों की बलि दे सकें। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश दिया।

### हिन्दु-मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने एक हिन्दू मुस्लिम प्रेमी जोड़े को सुरक्षा दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने उन्हें सुरक्षा देने के आदेश जिला उधमसिंह नगर के थाना सितारगंज को दिए। मामले के अनुसार मुस्लिम लडकी ने एसएचओ सितारगंज को प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसे हिन्दू धर्म पसंद है तथा वह बालिग है और वह अपने क्षेत्र के रहने वाले हिन्दू युवक से शादी करना चाहती है। युवक का परिवार सीधा साधारण है। वह उनको कई वर्षो से जानती है। जब शादी बात उसने घर वालों से की तो उसके घर वाले इस पर सहमत नहीं हुए। इसका विरोध करने कर रहे रहे और उसके होने वाले पति व उसे और उसके परिवार को धमका रहे है। धमकाने वालों में उसके ही परिवार वाले हैं लिहाजा मेरी तथा मेरे पति व उसके परिवार को सुरक्षा दिलाई जाए। हाईकोर्ट में जब कोर्ट ने लड़की से पूछा कि आपका पति क्या करता है। उसने बताया कि वे डीजे व ड्राइविंग का कार्य करते हैं, इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि डीजे क्या होता है, वह उसे स्पष्ट नहीं कर पाई, जिसपर कोर्ट ने कहा कि आपका भविष्य उज्जवल है। आपको पता नहीं कि आपका पति क्या करता है।

### कुविवि में मनाया खेल दिवस

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में शनिवार को खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार व कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष डा. संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत छात्र व छात्राओं को खेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया अन्य प्रकार के मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके पश्चात परिसर में बैठक में टेबल टेनिस महिला पुरूष तथा शतरंज महिला पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुखय अतिथि विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान प्रोफेसर ललित तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जिसमें प्रथम स्थान पाविक शर्मा, द्वितीय स्थान अभिमन्यु व तृतीय अतुल ने प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान आँचल, द्वितीय स्थान सुपर्णा, तृतीय स्थान कुमकुम रही। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम पाँच में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र नकुल देव शाह, सुमित सिंह अधिक. ारी, आमान, मनोज व वैभव जोशी रहे जिनका फाइनल मुकाबला शनिवार (आज) खेला जाएगा। इस अवसर पर डा. हर्षवर्धन, डा. अशोक कुमार, डा. संतोष कुमार समेत धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, अनिता रावत, अपूर्व बिष्ट, शिखा बिष्ट व अतुल कुमार व ललित बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# कटा चालान, मच गया बवाल

## पुलिस-कारोबारी में विवाद, बाज़ार बंद कर सड़क पर बैठे व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल बाजार में मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरे नहीं होने पर पुलिस के चालान काटने पर बवाल मच गया। पुलिस और कारोबारी के बीच विवाद बढ़ा तो कारोबारियों ने बाजार बंद कर दी। वहीं तल्लीताल चौराहे पर नारेबाजी कर व्यापारियों ने सड़क पर बैठ यातायात रोक दिया। लगभग ढाई घंटे तक कारोबारी सड़क पर बैठे रहे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तल्लीताल में पुलिस की ओर से मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरों की जांच के लिए अभियान चलाया। इस दौरान एक मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं मिलने पर पुलिस ने चालान कर दिया। इस दौरान व्यापारी व पुलिस के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस व व्यापारियों के बीच बहस हो गई। जिसके चलते व्यापारियों ने बाजार बंद का एलान कर दिया। बाजार बंद कर व्यापारी तल्लीताल डांठ चौराहे पर पहुंच गए। जहां उन्होंने पुलिस के



खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी के दौरान पुलिस ने व्यापारियों को सड़क से हटने को कहा तो गुस्साए व्यापारी सड़क पर बैठ गए। व्यापारियों ने नारेबाजी कर महिला पुलिसकर्मी को हटाने की मांग की। इस दौरान यातायात बाधित हुआ तो एसओ तल्लीताल मौके पर पहुंच गए। लेकिन उसके बाद भी व्यापारी सड़क से नहीं हटे। जब दो घंटे तक व्यापारी सड़क से नहीं हटे तो सीओ भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान विधायक सरिता आर्य व पालि. काध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल भी मौके पर पहुंच गई। व्यवारियों ने एसएसपी को फोन कर महिला पुलिस कर्मी के स्थानांतरण की मांग की। एसएसपी के आश्वासन के बाद छह बजे से शुरू हंगामा साढ़े आठ बजे शांत हो पाया।मामले में सीओ सुमित पांडे ने कहा कि चालानी कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने विरा. ेध किया था। जिसको लेकर वह सड़क पर धरने पर बैठ गए थे इस दौरान यातायात भी बाधित हुआ। व्यवारियों से वार्ता कर मामले में जांच के लिए सात दिन का समय मांगा गया है। वहीं महिला एएसआई की ओर से तब तक कोई चालानी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## लापता किशोरी की लोकेशन पंजाब में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में 18 अगस्त को 12वीं में पढ़ने वाली किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में जांच की तो किशोरी की लोकेशन पंजाब में मिली है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी 12वीं में पढ़ने वाली एक किशोरी बीते 18 अगस्त को अपने घर से बाजार प्रेक्टिकल का सामान लेने आई थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कीए लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंची ना ही उसकी कोई सूचना मिली। इसके बाद परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की छानबीन शुरू कर दी थी। वहीं बेटी की कोई खबर न मिलने से परिजन परेशान हैं। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई थी। सीसीटीवी कैमरों में खोजबीन व लोकेशन ट्रेस करने के बाद किशोरी की लोकेशन पंजाब मिल रही हैए टीम भेजी गई है।

# खेलकूद से फिट रहते हैं विद्यार्थीः मेहता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल में राष्ट्रीय खेल दिवस के विशेष मौके पर शुक्रवार को विभिन्न स्कूलों में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा छात्राओं के फुटबॉल मैच का उद्घाटन किया। विद्यालय के बास्केटबॉल खिलाड़ियों के मध्य बास्केटबॉल मैच का आयोजन व्यायाम शिक्षक गोविन्द सिंह बोरा द्वारा किया किया। विद्यालय के विभिन्न वर्गों में वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यालय में छात्राओं की हाकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजन में उपप्रधानाचार्य प्रवीण



सती, प्रवक्ता डा. रेनू बिष्ट, सहायक कोच मानिक साह ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी अभिभावकों व शिक्षकों और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों का प्रमुख उद्देश्य सर्वप्रथम विद्यार्थियों को फिट रखना है। उसके बाद उनमें खेल भावना मित्रता, आपसी तालमेल और नेतृत्व क्षमता विकसित करके राज्य और देश का नाम रोशन करना है। कहा कि विद्यालय में नैनीताल बैंक के सहयोग से हॉकी अकादमी की स्थापना करके नैनीताल से लुप्त हो रही हाकी को पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज विद्यालय के खिलाड़ी नैनीताल नगर क्षेत्र में के साथ ही नैनीताल जिले में और उत्तराखंड राज्य से आगे बढ़कर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में खेलों का भविष्य उज्जवल है, इसके लिए विद्यालय के कोच गोविंद सिंह बोरा भी बधाई के पात्र हैं और छात्राओं में भी फुटबॉल व हॉकी और वॉलीबॉल खो-खो प्रति रुचि का माहौल बन रहा है। ऑलसेंट्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक मैत्रीपूर्ण बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में ऑल सेंट्स ब्लू और ऑल सेंट्स व्हाइट टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। बलू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32-12 से जीत दर्ज की। बलू टीम की ओर से ज़ैना रहमान ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 12 अंक अर्जित किए, जबकि व्हाइट टीम की ओर से अनन्या पिमोली ने 6 अंक जुटाए। खेल का निर्णायकों की भूमिका में गोपाल बिष्ट और दिक्षित बिष्ट रहे। विद्यालय की प्राचार्या अंजिना रिचर्ड्स ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी छात्र-छात्राओं को खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी छात्रावास में रहने वाली छात्राएं और अध्यापकगण उपस्थिति रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच के पहले सभी छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल मैदान में बिताएँगे।

# विधि सेवा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वरिष्ठ न्यायमूर्ति उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय/कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशन में उच्च न्यायालय परिसर नैनीताल में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा, चंपावत, हरिद्वार, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल एवं टिहरी गढ़वाल के सचिवों को विधिक सेवा एवं सहायता/शासकीय कार्य उपयोगार्थ क्रय किये गये एक-एक कुल 16 नये वाहन का फ्लेग ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि इन वाहनों के उपयोग से राज्य भर में निशुल्क कानूनी सहायता सेवाएं प्रदान करने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रयास में यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी, तद्क्रम में



उक्त उद्देश्य की पूर्ति के क्रम में उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के मुख्य न्यायमूर्ति जी. नरेन्दर, न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ न्यायमूर्ति उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय/ कार्यपालक अध्यक्ष/उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल, न्यायमूर्तिगण आलोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आशीष नैथानी, न्यायमूर्ति आलोक महरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय के द्वारा 16 नए वाहन का फ्लैग ऑफ किया गया। इस अवसर उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के महानिबन्धक योगेश कुमार गुप्ता व अन्य निबन्धक तथा उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी व उप सचिव अभिषेक कुमार श्रीवास्तव के साथ उच्च न्यायालय व राज्य प्राधिकरण के समस्त अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित थे।

# नाबालिग किशोरी लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक नाबालिग बच्ची अपनी मां के साथ रोडवेज बस स्टेशन के पास एक रेस्टोरेंट में खाना लेने गई, जिसके बाद से वह लापता हो गयी। नाबालिग बच्ची के परिजनों ने एक ठेले वाले पर बच्ची को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार गौलागेट टनकपुर रोड निवासी अजीम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी 11 साल की नाबा. लिग बहन बीते 27 अगस्त को अपनी मां के साथ खाना लेने के लिए रोडबेज बस स्टेशन के पास एक रेस्टोरेंट में गयी थी तभी वह अचानक मां से अलग होगी। उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नही लगा। तहरीर में भाई ने आरोप लगाया कि तिकोनिया में एक ठेले में काम करने वाला युवक उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरु कर दी है।

### नशे के इंजेक्शन, अवैध शराब बरामद

हल्द्वानी। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस ने 89 नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तो वही दूसरी ओर काठगोदाम पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। चैकिंग के दौरान पकडे गये दोनों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मादक पदार्थो की बिक्री, तस्करी एवं अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत बीते गुरुवार की रात्रि बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार व एसआई जगवीर सिंह मय टीम के साथ यात्री शेड गोला बाईपास रोड स्लाटर हाउस के पास चैकिंग कर रहे थे तभी एक बिना नंबर की स्कूटी आते देखा और शक होने पर उसे रोकर पूछताछ व तलाशी ली तो स्कूटी की डिग्गी से 89 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकडे गये तस्कर ने अपना नाम रिजवान मियां पुत्र राशिद मियां निवासी रईस हलवाई के पास मोहम्मदी मस्जिद, इन्द्रानगर, बनभूलपुरा बताया। वहीं दूसरी ओर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा भी बीती रात्रि एसआई नीतू सिंह के साथ गौलापार स्टेडियम के पास चैकिंग कर रहे थे। तभी अजय सिंह बिष्ट पुत्र मोहन सिंह निवासी पश्चिमी खेड़ा, गौलापार को 52 टेट्रा पाउच देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### मेला परिसर में सत्यापन आज

**नैनीताल।** नंदा देवी मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकन्नी हो गई है। मेले में दुकान लगाने वालों का शनिवार (आज) से सत्यापन शुरू किया जाएगा। बिना सत्यापन दुकान में काम करते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नंदा देवी महोत्सव में दुकान लगाने के साथ सुरक्षा की ख्रष्टि से दुकानदारों को पहले पुलिस सत्यापन कराना होता है। बिना सत्यापन कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इस वर्ष भी मेला परिसर में दुकाने लग चुकी हैं लेकिन अब तक सत्यापन नहीं हो पाया है। इसे लेकर पुलिस ने मुनादी कर दुक. ानदारों को सत्यापन करने के निर्देश दे दिए हैं। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि आज शनिवार से दुकानदारों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के लिए कोतवाली में अलग डेस्क की व्यवस्था की गई है। जहां अपने दस्तावेज लेकर दुकानदार सत्यापन करा सकते हैं।

# मंगोली इंटर कॉलेज को जीर्णोद्धार की ज़रूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकासखंड में स्थित राजकीय इंटर कालेज मंगोली के जर्जर हालत में पहुंच चुके भवन को जल्द ही जीर्णोद्धार की जरूरत है। विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गयी तो कालेज में कभी भी हादसा हो सकता है।

इस बात से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बता दें कि वर्ष 1988-89 में जूनियर हाई स्कूल के रूप में उच्चीकृत राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली वर्तमान में अपनी बदहाल और जर्जर हालत के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों व सरकार का मुंह देख रहा है। वर्तमान में कालेज के मुखय भवन और खेल मैदान सहित प्रयोगशाला की स्थिति बहुत जीर्ण शीर्ण हालत में पहुंच चुकी है जिसकी वजह से यहां पढने वाले विद्यार्थियों को जान माल का खतरा



विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतज़ार

लगातार बना हुआ है। कालेज के उच्चीकरण के बाद से कालेज में 400 से अधिक छात्र यहां पर पढ़ते थे लेकिन अब कालेज की हालत को देखते हुए छात्र संखया में लगातार कमी आ रही है। दूसरी ओर अभिभावक अपने पाल्यों का नामांकन कालेज में करने से भयभीत हो रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हुकुम सिंह अधिकारी ने बताया कि निरंतर शिक्षा विभाग को पत्राचार करने और प्रधानाचार्य को ज्ञापन देने से वर्षाकाल में विद्यार्थियों को वैकल्पिक कक्षाओं में बैठाया जा रहा है वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य मुक. ेश मेहरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश सिंह मेहरा एवं ग्राम प्रधान नलनी गोविंद सिंह मेहरा, ग्राम प्रधान मंगोली भारती मेहरा, ग्राम प्रधान खमारी हेमचंद्र बहुखंडी आदि द्वारा नैनीताल विधान सभा की विधायिका सरिता आर्या को विद्यार्थियों की सुरक्षा के विषय में चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन दिया जा चुका है। मामले में अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष इंद्र सिंह कोरंगा बताते हैं कि अभिभावक इस जर्जर भवन के कारण अपने पाल्यों के विषय में सदैव चिंतित रहते हैं और नैनीताल तथा कालाढूंगी के विद्यालयों में अपने बच्चों का नामांकन करने पर मजबूर हो रहे हैं। जिससे कई बालिकाओं की शिक्षा में अवरोध आने की भी संभावना बनी हुई है। कई बार बच्चे चोटिल भी हुए हैं और कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है। कालेज के प्रधानाचार्य चंद्र शेखर जोशी के मुताबिक कालेज में विद्यार्थियों की संख्या 200 है। कालेज में इंटरमीडिएट स्तर पर विज्ञान वर्ग की कक्षाएं भी संचालित होती हैं जिनमें 35 छात्र छात्राएं गणित एवं जीव विज्ञान शाखा में अध्यनरत हैं।

# प्रकृति ने बदला छेनागाड़ का भूगोल

■ जो स्थानीय बाजार कल तक था ग्रामीणों से गुलजार, वो आज मबले में तब्दील,आठ लोग के लापता होने की आंशका, बस चालक और परिच. ालक ने भागकर बचायी जान,बढ़ सकती है लापता होने वालों की संख्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार के निकट स्थित छेनागाड़ बाजार आपदा की भेंट चढ़ चुका है। इस स्थान पर आठ से दस लोगों के लापता होने की आंशका है। छेनागाड़ का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो गया है। रात के समय छेनागाड़ में मौजूद बस के भीतर सो रहे चालक और परिचालक ने किसी तरह से अपनी जान बचाई।

शुक्रवार प्रात लगभग 4 बजे के करीब आकाशीय बिजली गिरने के बाद छेनागाड़ बाजार में स्थित सभी 18 दुकानें देखते ही देखते आपदा की भेंट चढ़ गई। एक अनुमान के मुताबिक भूस्खलन की चपेट में आने से 10-12 लोगों के लापता होने की आंशका हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगातार बरसात के कारण न केवल आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है, बल्कि भूस्खलन और चट्टानों के खिसकने का सिल. सिला इस कदर हावी है कि बड़ेथ गांव के कई तोकों में आकाशीय बिजली गिरने के बाद कई आवासीय भवन जमीदोज हो चुके हैं। साथ ही कई गौशालाएं भूस्खलन की जद में आने से कई दर्जन मवेशी भी जान गंवा चुके हैं। लापता लोगों की संख्या बढ़ भी सकती है। इन लोगों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ नेपाली मूल के भी बताए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ पुलिस बल तथा स्थानीय लोगों की मदद से लापता लोगों का लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। ताल जामण, बगड़ में कई मकान भूस्खलन की चपेट में आने से जमींदोज हो चुके हैं। गनीमत यह रही की रात्रि के अंधकार में चारों ओर से गिरती चट्टानों तथा गर्जना भर रही चंदन नदी के भयंकर स्वर के डर के कारण ग्रामीणों ने सुरक्षित स्थानों की ओर भागना शुरू कर दिया, जिस कारण सभी ग्रामीण सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लेकिन गौशालाओं में रह रहे मवेशी इस भूस्खलन की तबाही की भेंट चढ़ चुके हैं। प्रात: स्थानीय लोगों की मदद से बगड़ व अन्य प्रभावित गांवों के पीड़ितों को प्राथमिक विद्यालय ताल जामण में राहत शिविर लगाकर उनको सुरक्षा स्थान प्रदान किया गया। देहरादून से छेनागाड़ डेली विश्वनाथ सेवा में रह रहे ड्राइवर और कंडक्टर भी मौत की आगोश में जाते-जाते बच गए। विश्वनाथ सेवा के चालक ने बताया कि सुबह 4:00 बजे के करीब छेनागाड़ पुल के बगल में उनकी बस खड़ी थी, जिसमें दोनों सो चुके थे, लेकिन सुबह चंदन गंगा के भयंकर शोर और भारी मात्रा में मलबा आने के कारण उनकी बस के ऊपर चट्टान तथा पेड़ गिरने से उनकी नींद खुली और उन्होंने कंडक्टर को उठाकर पुल के दूसरी ओर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए जिस कारण वह बच निकले। पूर्व प्रधान मंगल सिंह ने बताया कि रात भर उक्त गांवों में भयंकर गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसके फल स्वरुप नदी में भारी मात्रा में जल भराव और मलबा आने से संपूर्ण छेनागाड़ का बाजार नेस्तनाबूत हो गया। साथ ही ताल जामण और अन्य स्थानों पर चट्टान खिसकने से और नीचे नदी तट से भूस्खलन होने से इन गांव की तस्वीर बदल गयी है। उन्होंने बताया कि रात भर जोरदार आवाज के कारण ग्रामीण सो नहीं पाए और रात्रि भर जागरण कर सुरक्षित स्थानों की और कुच कर गए, जिस कारण आज उनका जीवन सुरक्षित बना हुआ है।

# डीएम ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र तालजामण का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने आपदा प्रभावित तालजामण क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। विषम एवं दुर्गम मार्गों को पार कर जिलाधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची और प्रभावित क्षेत्रों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय तालजामण में बनाए गए राहत शिविर का भी निरीक्षण कर राहत शिविर में उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राहत शिविर में खाद्यान्न, दूध के पैकेट एवं अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी न होने व बच्चों एवं प्रभावित ग्रामीणों को समुचित पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सकों की टीम लगातार मौके पर ड्यूटी में तैनात रहे। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी स्वयं भी राहत शिविर में रात्रि विश्राम करेंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और बेहतर तरीके से हो सके। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में मवेशियों की क्षति का शीघ्र आकलन करने के निर्देश दिए। मृत मवेशियों का विधिवत पोस्टमार्टम कर प्रमाण पत्र जारी करने तथा घायल मवेशियों का त्वरित उपचार एवं उचित डिस्पोजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कहा। आपदा से हुई भौतिक क्षति का आकलन करने के लिए जिलाधिकारी ने पांच टीमों का गठन के आदेश दिए। इन टीमों में इंजीनियर, पटवारी, कानूनगो एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। ये टीमें शीघ्र ही क्षेत्र का सर्वेक्षण कर क्षति का विस्तृत आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन हर संभव सहायता एवं राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुँचाना तथा पुनर्वास की ठोस कार्ययोजना पर काम करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सक अधिकारी आशीष रावत, व्यक्तिक अधिकारी जिलाधिकारी नीरज बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आपदा की घडी में देवदूत बनकर सामने आई एसडीआरएफ टीम

**रुद्रप्रयाग।** आपदा की विभीषिका के बीच ग्राम तालजामण एवं ग्राम कुम्द के ग्रामीण गहरी चिंता व असहाय स्थिति में फंसे ग्रामीणों के एसडीआरएफ टीम देवदूत बनकर सामने आयी। विपरीत परिस्थितियों और जोखिम भरे रास्तों को पार कर टीम अपर उप निरीक्षक हरीश बंगारी के नेतृत्व मौके पर पहुंची। टीम ने हिम्मत और धैर्य दिखाते हुए ग्राम तालजामण से 40 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और आश्वस्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इसके बाद टीम ने ग्राम कुम्द पहुंचकर 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके परिजनों से मिलावाया।

# प्रसिद्ध कठबद्दी मेले को राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप दिया जाएगा:डॉ. रावत

■ खिर्सू में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के त्रिस्तरीय चुनाव के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। खिर्सू ब्लॉक सभागार में खिर्सू ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ उपप्रमुख एवं कनिष्ठ उपप्रमुख का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। नोडल अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह दुबड़िया ने नवनिर्वाचित जनप्रतिधियों ने शपथ दिलाई। जबकि ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य ईमानदारी से कार्य कर विकास को गति दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा को 20 से 80 लाख रुपये तक मनरेगा के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। कहा कि खिर्सू में एनआईटी का कार्य प्रगति पर है, जिसमें पानी के लिए 22 करोड़ और बिजली के लिए 14 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए खिर्सू में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन व डॉक्टरों की पूर्ण व्यवस्था होगी। ब्लॉक को सौ प्रतिशत सड़कों से जोड़ने के लिए चार माह में शेष तीन राजस्व ग्रामों तक सड़क पहुंचाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि बच्चों के लिए चमराड़ा में खेल स्टेडियम बनेगा और ब्लॉक की सड़कों के डामरीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही ग्वाड व कोठगी के प्रसिद्ध बद्दी मेले को राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप दिया जाएगा। बूखाल मंदिर का निर्माण लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्ष में पूर्ण होगा। कहा कि खिर्सू में हेलीपैड, डिग्री कॉलेज में छात्रावास, स्टेडियम व अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी ने कहा कि जनता के विश्वास ने जो जीत दिलाई है, उसपर वह पूर्ण रूप से खरा उतरेंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला, कुंजिका प्रसाद उनियाल, पूर्व प्रमुख भवानी गायत्री, ज्येष्ठ प्रमुख नितिन रावत, कनिष्ठ प्रमुख बरदासी देवी, मातवर सिंह रावत, संपत रावत, गिरीश पैन्यूली, गणेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### नवयुग पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया खेल दिवस

**कोटद्वार ।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक कोटद्वार में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की थीम शांतिपूर्ण और समावेषी समाजों के संवर्धन के लिए खेल के तहत विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व षिक्षकों नें खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेल-प्रतियोगिताओं की शुरूआत प्रधानाचार्या नीलम नेगी द्वारा रिबन काट कर की। खेल प्रतियोगिताओं के प्रारम्भ में प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं को खेलों का जीवन में महत्व, अनुशासन, शारीरिक, सामाजिक व मानसिक विकास के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्या द्वारा खेलों में कैरियर व भारत के राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर खेलों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। खेल प्रतियोगिताओं का संयोजन खेल संयोजक व्यायाम शिक्षिका प्रतिमा द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में इनडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन नवयुग के प्रागंण में किया गया। छात्र-छात्राओं ने रस्साकस्सी, क्रिकेट, बॉलीबॉल, बॉस्केट बॉल, ताई काण्डो , कबड्डी, शतरंज, कैरम, लूडो आदि खेलों में भाग लिया। खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों व खेलों में विद्यालय की प्रशासक अर्पिता नेगी ने भी सभी को खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं सहित समस्त शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आपदा की घडी में देवदूत बनकर सामने आई एसडीआरएफ टीम

**रुद्रप्रयाग।** आपदा की विभीषिका के बीच ग्राम तालजामण एवं ग्राम कुम्द के ग्रामीण गहरी चिंता व असहाय स्थिति में फंसे ग्रामीणों के एसडीआरएफ टीम देवदूत बनकर सामने आयी। विपरीत परिस्थितियों और जोखिम भरे रास्तों को पार कर टीम अपर उप निरीक्षक हरीश बंगारी के नेतृत्व मौके पर पहुंची। टीम ने हिम्मत और धैर्य दिखाते हुए ग्राम तालजामण से 40 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और आश्वस्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इसके बाद टीम ने ग्राम कुम्द पहुंचकर 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके परिजनों से मिलावाया। वहां मौजूद लोगों की आंखों में कृतज्ञता और सुकून था, जिसने टीम के परिश्रम को सार्थक बना दिया।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती

**रुद्रप्रयाग।** लगातार भारी वर्षा के कारण तालजामण, छेनागाढ़, देवल गांव एवं स्यूर में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रभावित क्षेत्रों में खोज-बचाव, राहत कार्यों एवं क्षति के आंकलन के लिए जिलाधिकारी प्रतीक जैन की ओर से तत्काल प्रभाव से नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी को को तालजामण, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता (ग्रामीण निर्माण विभाग), जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी को छेनागाढ़ क्षेत्र, महाप्रबंधक उद्योग विभाग एवं सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग को देवल गांव क्षेत्र व उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्यूर क्षेत्र का नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने सभी नोडल अधिकारियों को तत्काल अपने-अपने तैनाती स्थल पर पहुंच कर खोज-बचाव, राहत कार्यों एवं क्षति का आंकलन तथा संबंधित जानकारी फोटो सहित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के दूरभाष संख्या - 8958757335 पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### पंचायत पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण की तिथियों में फेरबदल

**रुद्रप्रयाग।** प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को देखते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों में नव निर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं पंचायतों के गठन व प्रथम बैठक को स्थगित कर निर्धारित तिथियों में संशोधन किया गया है।मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत में नव निर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों के परिप्रेक्ष्य में पंचायतों के गठन, शपथ ग्रहण एवं पंचायतों को लेकर समय-सारणी निर्गत की गई है। उन्होंने बताया कि कनिष्ठ उप प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख एवं प्रमुख पद पर शपथ ग्रहण तीन सितंबर तथा प्रथम बैठक चार सितंबर को आयोजित की जायेगी।

# परिवहन विभाग ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

■ छात्रों ने क्विज, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक के जरिए सीखे यातायात नियम विजेताओं को किया गया सम्मानित, एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** गुरुवार 29 अगस्त को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देशन में परिवहन विभाग टिहरी ने एड्यूजोइन ट्रेनिंग संस्थान चंबा के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवाओं को सुरक्षित यातायात के नियमों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था।

इस अवसर पर छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला (पोस्टर) प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का मंचन सोनिया एंड ग्रुप ने किया, जिसने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया। चित्रकला प्रतियोगिता में तनुजा और शबनम ने प्रथम स्थान, सुमन और साक्षी ने द्वितीय स्थान तथा सुहानी और साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को ए.आर.टी.ओ. टिहरी सत्येंद्र राज ने पुरस्कार प्रदान किए।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों को राहगीर योजना, गोल्डन ऑवर, कैशलेस स्कीम और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना न केवल खुद की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए भी जरूरी है। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रविंद्र के साथ एड्यूजोइन संस्थान की समीक्षा, नितेश, सीमा और पूनम ने अहम भूमिका निभाई। वहीं परिवहन विभाग से अर्जुन, विपिन, रोहन, मो. निका और मनजीत ने सक्रिय सहयोग दिया।

इस अवसर पर ए.आर.टी.ओ. टिहरी ने सभी से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क और जिम्मेदार नागरिक बनें।

# केदारनाथ विधायक ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने बसुकेदार तहसील के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में विगत रात्रि बादल फटने की घटना के बाद हुई भीषण तबाही से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया और सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता का भरोसा जताया।

विगत रात्रि को केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के बड़ेथ, तालजामण, भटवाड़ी, डुंगर में बादल फटने से भारी तबाही मची। ग्रामीणों के आवासीय भवनों, गौशालाओं सहित खेती की जमीन को भारी नुकसान पहुंचा है। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल कल ही क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने देहरादून गई थीं। प्रात: पांच बजे जैसे ही उन्हें खबर मिली वैसे ही वे देहरादून से क्षेत्र के लिए निकल पड़ी। आपदा प्रभावित क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध होने के कारण वे पैदल ही आपदा प्रभावित गांवों तक पहुंची। प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया तथा हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि यह सब बहुत दुखद है। राहत, बचाव एवं प्रशासन की टीमें मौके पर हैं। इस आपदा की घड़ी में प्रभावित क्षेत्रवासियों के साथ खड़ी हूं। प्रभावितों की हर सम्भव मदद की जायेगी।

# गढ़वाल विश्वविद्यालय के नाम रही बैडमिंटन प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हॉकी जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर सर्वप्रथम मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने मेजर ध्यान चंद को याद करते हुए जीवन में खेलों की उपयोगिता को बताते हुए सभी को चुस्त-दुरुस्त व युवाओं को नशा और अन्य गलत आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न वर्गों में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के सभी वर्गों में कुल 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग की बैंडमिंटन प्रतियोगिता में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय ने एनआईटी श्रीनगर 2-0 से परास्त किया। बालक वर्ग में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर 2-1 को पराजित किया। कर्मचारी वर्ग में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय ने एनआईटी श्रीनगर को 2-0 से परास्त किया। वहीं 35 वर्ष से ऊपर वर्ग में पुलिस विभाग श्रीनगर के एचएस पंखुली व युगल ने 2-1 से सूरज मंगाईं व अनुज नेगी को पराजित किया।

# बादल फटने के बाद आपदा कंट्रोल रूम से रखी घटना पर नजर

■ बादल फटने के बाद आपदा कंट्रोल रूम से रखी घटना पर नजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** तहसील बसुकेदार अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक क्षेत्र में बादल फटने की घटना के बाद शुक्रवार सुबह पांच बजे डीएम प्रतीक आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे और यहां से लगातार अधिकारियों से संपर्क कर घटना पर नजर बनाए रखी। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर राहत-बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि दोपहर बाद डीएम आपदाग्रस्त इलाकों के लिए रवाना हो गए।

बसुकेदार क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने से भारी नुकसान हो गया। घटना के बाद डीएम प्रतीक जैन भी एक्टिव मोड में आ गए और सुबह पांच बजे कंट्रोल रूम में तैनात हो गए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क किया और प्रभावित क्षेत्रों में एनएच विभाग, पीडब्ल्यू, ओर पीएमजेएसवाई की अलग अलग टीम रास्ता खोलने के लिए भेज दी। उन्होंने राहत बचाव टीमों को वैकल्पिक मार्गो के माध्यम से घटना स्थल के लिए रवाना किया। साथ ही जिला स्तर से विभिन्न अधिकारियों को संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कार्मिकों के साथ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किया। दोपहर बाद डीएम आपदाग्रस्त इलाकों के लिए रवाना हो गए और प्रभावितों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द जाना।

# प्रमुखों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** विकासखण्ड द्वारीखाल में शुक्रवार को प्रमुख बीना राणा, ज्येष्ठ उपप्रमुख नीलम नैथानी, कनिष्ठ उपप्रमुख कौशल्या देवी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकासखण्ड मुख्यालय शहीद विपिन रावत सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित प्रमुख बीना राणा, ज्येष्ठ उपप्रमुख नीलम नैथानी, कनिष्ठ उपप्रमुख कौशल्या देवी के द्वारीखाल पहुंचने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत प्रधानों एवं मातृशक्ति ने वाद्ययंत्रों और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

मोटर सड़क से विकासखण्ड मुख्यालय तक ढोल-दमाऊ के साथ रैली निकाली गई, जिसमें स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विकासखण्ड सभागार में जिले से आये मुख्य कृषि अधिकारी डॉ विलेश यादव द्वारा पहले 27 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई । इसके बाद प्रमुख बीना राणा, ज्येष्ठ उपप्रमुख नीलम नैथानी एवं कनिष्ठ उपप्रमुख कौशल्या देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट द्वारा नव निर्वाचित सदस्यों को विकासखण्ड मुख्यालय में क्षेत्र पंचायत बैठक की जानकारी दी गई तथा सभी को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्णपाल सैनी द्वारा सदस्यों से पद एवं गोपनीयता के प्रपत्र भरवाए गए तथा विभागीय जानकारी दी गई ।निवर्तमान प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र राणा ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी एवं मिल-जुलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिये कहा। जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह नेगी द्वारा भी सभी सदस्यों को बधाई दी गई। इस अवसर पर बीना राणा ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा अपने सम्बोधन में कहा कि हम सबको मिल-जुलकर विकास कार्य करने होंगे। उन्होंने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र में चुनाव होते रहते हैं, लेकिन चुनाव सम्पन्न होने के बाद हमें विकास कार्यों को आगे बढ़ाना होता है। इसके लिए सभी सदस्यों का सहयोग एवं आशीर्वाद चाहिए। प्रत्येक सदस्य का मान-सम्मान किया जाएगा। विकास कार्यों के लिए मैं तन-मन-धन से कार्य करूंगी और अपने स्तर से किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दूंगी। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्णपाल सैनी एवं सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनमोहन सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मनोज गुसाईं, रेनु उनियाल, रावत तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति, ग्राम पंचायत प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## जीवीके डैम ने छोड़ा 3500 क्यूसेक पानी

**श्रीनगर।** रूद्रप्रयाग के छेनागाड़ में बादल फटने के बाद से अलकनंदा नदी उफान पर है। श्रीनगर स्थित जीवीके विद्युत परियोजना में अत्याधिक पानी होने के चलते डैम में बड़ी मात्रा में पानी छोडा है। जीवीके कंपनी के परियोजना निद. ेशक संतोष रेड्डी ने बताया कि परियोजना से 3500 क्यूसेक पानी छोडा गया है। बताया कि पानी की अधित्कता को देखते हुए और जनमनास कि कोई हानी न हो इसकों देखते हुए परियोजना से नियंत्रित कर पानी छोडा गया। बताया कि परियोजना के पास पानी स्टोर करने की कैपिसीटी नहीं है, जिसके चलते विद्युत परियोजना से पानी छोडना पड़ता है।

# टिहरी में यूजर चार्ज न देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन से होगी कटौती

■ डीएम ने दिए सख्त निर्देश, समय पर भुगतान और स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग जरूरी नगर पालिका ने बताया "घर-घर से कूड़ा उठान के लिए हर माह लिया जाता है यूजर चार्ज"

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देशों के तहत नगर पालिका परिषद टिहरी ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर स्पष्ट किया है कि शहर में कूड़ा वाहनों के माध्यम से घर-घर से कचरा एकत्र कर निस्तारण किया जाता है। इसके लिए प्रत्येक माह नगर पालिका द्वारा यूजर चार्ज वसूला जाता है।

हालांकि संज्ञान में आया है कि पूल्ड और नॉन-पूल्ड आवासों में रहने वाले कुछ अधिकारी और कर्मचारी समय पर यूजर चार्ज का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से समय पर यूजर चार्ज का भुगतान करें। जिनके बकाया यूजर चार्ज शेष हैं, उन्हें तत्काल नगर पालिका परिषद को जमा करना होगा।

डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा यूजर चार्ज न देने की पुष्टि होती है, तो संबंधित राशि सीधे उनके वेतन से काट ली जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि हर अधिकारी-कर्मचारी कचरे को केवल नगर पालिका के निर्धारित वाहनों में ही डालें।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जोर देकर कहा कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए, ताकि नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके और शहर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण की ओर अग्रसर हो।

### कोतवाली सिविल पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा इलाका, एक बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान देर रात पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जब गोलियों की आवाज बंद हुई तो एक बदमाश जमीन पर पड़ा कराह रहा था, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया था। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान पुलिस ने बदमाश के पास से असलाह और कारतूस बरामद किए हैं। दोनों बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

खबर के मुताबिक एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर रुड़की सिविल लाइन पुलिस इलाके में चौकिंग कर रही थी। तभी सोनाली पार्क बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो शख्स आते दिखाई दिए। पुलिस ने जैसे ही उन्हें चौकिंग के लिए रोका तो वो घबरा गए। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और खुद को बचाने के लिए वहां से भाग गए। चेकिंग टीम ने तुरंत ही ये सूचना वायरलेस सेट पर फ्लैश कर दी जिसके बाद पूरे इलाके में उनकी घेराबंदी शुरू कर दी गई। बदमाश बाइक से भागते हुए दोनों नहर पटरी की ओर पहुंचे। इसी बीच उनकी बाइक फिसल गई और दोनों जमीन पर गिर



गए। जमीन पर गिरते ही उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाई करते हुए फायरिंग कर दी, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल मौके पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया और साथ ही घायल बदमाश जानकारी ली। घायल बदमाश ने अपना नाम बादल निवासी चौथा

**❖घायल बदमाश अस्पताल में भर्ती, कारतूस बरामद, अधिकारी मौके पर**
**❖चेन स्नेचिंग की घटना को दिया था अंजाम, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे बदमाश**

हेड़ी थाना देवबंद जिल सहारनपुर बताया। बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की वजह बताते हुए बताया कि पीर बाबा वाली कॉलोनी से एक महिला से चेन स्नेचिंग की थी। पकड़े जाने के डर से पुलिस पर फायरिंग की हैं। वही बदमाश में फरार साथी बदमाश का नाम भी उजागर किया हैं। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चेन स्नेचिंग की घटना के बाद बदमाशों ने मोबाइल लूटने का प्रयास किया था, चेकिंग कर रही पुलिस टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हुई हैं। जिसमें बादल नाम के बदमाश के पैर में गोली लगी है। जबकि उसका साथी ऋतिक फरार हैं। फरार बदमाश के लिए जिलेभर में कॉबिंग की जा रही हैं।

# बाइकों की आमने-सामने की टक्कर, एक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग ग्राम साबतवाली के पास शुक्रवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर होने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे बाइक सवार घायल को इलाज हेतु डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम साबतवाली निवासी 50 वर्षीय रामनाथ शुक्रवार को किसी काम से झबरेड़ा बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूरी पर झबरेड़ा इकबालपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचा। उसी समय दूसरी ओर सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी ।दोनों बाइक में आमने-सामने की टक्कर होने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए तथा गंभीर रूप से घायल हो गए । 50 वर्षीय रामनाथ की कुछ देर बाद मौके पर मौत हो गई। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक रामनाथ के शव का पंचनामा कर रुड़की स्थिति सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।दूसरी बाइक पर सवार घायल आदित्य को भी रूडकी स्थिति सिविल हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल आदित्य भी ग्राम साबत वाली का ही निवासी बताया गया है। झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग पर जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई है। उससे कुछ ही दूरी पर 5 दिन पूर्व भी एक कंटेनर द्वारा दो बाइक को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे दोनों बाइक सवारो की भी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### हरिद्वार यूनिवर्सिटी में फिर खड़ा हुआ बखेड़ा

# छात्र ने शोषण का आरोप लगाते हुए दी आत्मदाह की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार यूनिवर्सिटी पर एक फिर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप बीबी में पढ़ने वाले छात्र ने लगाए हैं। छात्र ने आरोप लगाते हुए आत्मदाह की धमकी दी हैं। और आत्मदाह का जिम्मेदार हरिद्वार यूनिवर्सिटी को ठहराया हैं।



हरिद्वार यूनिवर्सिटी के छात्र जैद ने आरोप लगाते हुए कहा उसने 2024 में ठैब फॉर टेक्नोलॉजी हरिद्वार यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, लेकिन करीब डेढ़ महीने बाद यूनिवर्सिटी ने इस कोर्स से पढ़ाने के लिए मना कर दिया। और जबरस्ती एक एप्लिकेशन पर साइन करा दिए। जिसके बाद यूनिवर्सिटी ने बीबीए में एडमिशन दे दिया। छात्र का आरोप है कि जब उसको बीबीए में एडमिशन दिया गया था, तो उसने साफ तौर पर कहा था कि गरीब किसान परिवार आता है जोकि प्रतिदिन यूनिवर्सिटी नहीं आ सकता, जिसके बाद युनिवर्सिटी ने सहमति जताते हुए एडमिशन कर लिया। छात्र जैद ने आरोप लगाया हैं कि जब परीक्षा हुई तो परीक्षा में नहीं बिठाया गया और परीक्षा बाद में कराने की बात कही। वही छात्र का आरोप हैं कि बीबी प्रशासन अब 30 हजार रुपए की डिमांड कर रहा हैं। गरीबी के कारण जिसको पूरा नहीं किया जा सकता, छात्र ने आरोप लगाते हुए आत्मदाह की धमकी दी हैं। और आत्मदाह का जिम्मेदार हरिद्वार यूनिवर्सिटी को ठहराया हैं। आपको बता दे कि इससे पहले भी हरिद्वार यूनिवर्सिटी में फीस को लेकर छात्र-छात्राओं के कई विवाद हो चुके हैं। भीम आर्मी के महासचिव तेज प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों का मानसिक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही यूनिवर्सिटी के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### सीडीओ ने ग्रामोत्थान परियोजना के तहत सकौती गांव में किया

# वे साइड अमीनिटीज के लिए भूमि का मुआयना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्रीमती आकांक्षा कोण्डे ने विकासखंड नारसन के गांव सकौती में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित वे साइड अमीनिटीज (सड़क किनारे सुविधाएं) के निर्माण के लिए भूमि का भौतिक मुआयना किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करना था।

यह परियोजना ग्रामीण विकास और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (ैभ्ळे) द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प और अन्य उत्पादों के विपणन के लिए स्थायी आउटलेट्स स्थापित किए जाएंगे। ये आउटलेट्स महिला समूहों को अपने उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुँचाने में मदद करेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। भूमि के निरीक्षण के साथ ही, मुख्य विकास अधिकारी ने



परियोजना से जुड़े सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ एक बैठक की। इस बैठक में परियोजना निदेशक, डीआरडीए श्री कैलाश नाथ तिवारी, तहसीलदार रूड़की श्री विकास अवस्थी, जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय सक्सेना, खंड विकास अधिकारी नारसन श्री सुभाष सैनी, आर्टिटेक्ट श्री संजय पाल, ब्लॉक रीप परियोजना से राशिद और ललित व एनआरएलएम ब्लॉक से प्रशांत, तथा ग्राम प्रधान ने भाग लिया। बैठक के दौरान, सभी अधिकारियों ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और इसे समय पर और कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सीडीओ ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खोलेगी और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सांसद त्रिवेंद्र ने किया तटबंध का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के कलासिया तटबंध का निरीक्षण करने पहुंचे। हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ग्राम प्रधान कलसिया सुरेश चौहान ने कहा की 2023 में भी इसी तरह से बाढ़ आई थी और हमारी फसल भी नष्ट हो गई थी और जो तटबंध है वह भी टूट गया था जिस कारण पानी आया था। उन्होंने कहा अगर बालावालीपुल से नीचे 200 मीटर तक तटबंध बना दिया जाए तो हमारे दरजनों गांव को परेशानी से बचाया जा सकता है ग्रामीण रामधन ने कहा की हमारे तटबंध की मर्ममत होनी चाहीये क्योंकी ईस तटबंध से हमारे गांव को भारी नुकसान है पशुओं के लिए चारा नहीं है और किसानों की फसल नष्ट हो गई है उन्होंने कहा किसानों को फसल का मुआवजा मिलना चाहीये जिससे किसान अपने बच्चों को पढ़ा सके और उनका पेट भर सके। पूर्व प्रधान ब्रह्मपाल ने कहा की हमारे गांव से लेकर तटबंध तक कच्चा रास्ता पड़ा है उस रस्ते पर आने जाने के लिए परेशानी का सामना करना पडता है उन्होंने कहा अगर यह रास्ता हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत बनवा दे तो हमारे गांव की समस्या हल हो सक्ति है। उन्होंने कहा हमने पहले भी पूर्व एमपी रमेश पोखरीयाल से ईस संबंध में बात की थी यह रास्ता अभी तक भी नहीं बनाया गया है हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह करीब 4000 मीटर लंबा बांध बनाया जाना है जिसका आज में निरीक्षण करने के लिए आया हूं। उन्होंने कहा मेरे द्वारा यह मुद्दा लोकसभा में भी उठाया गया था उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की जो फसल नष्ट व जलमग्न हो गई है उसके बारे में भी गहराई से विचार किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां भी बाढ़ से नुकसान हुआ है मैं आज सभी जगह निरीक्षण कर रहा हूं। कुंवर प्रणव सिंह ने कहा की मेरे द्वारा उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमांकन करवाया गया था जिसमें उत्तराखंड के किसानों की फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ था और उन्होने हीं काटी थी वहां पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उनके साथ मौजूद रहे।

# चैयरमेन ने किया जीआईसी व सरकारी अस्पताल का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवाईयों के अभाव तथा जीआईसी लंढौरा में घटते छात्र-छात्राओं की संख्या तथा सड़क निर्माण कार्यो को लेकर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने निरीक्षण कर डाक्टरों व अध्यापको से बातचीत कर व्यवस्था में सुधार लाने तथा अपनी ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

लंढौरा नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर नसीम अहमद ने राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र कुलाश्री से कॉलेज में छात्र- छात्राओं की घटती जनसंख्या तथा की अन्य समस्याओं को लेकर बातचीत की बातचीत के दौरान चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को रोजाना होने वाली कॉलेज की छुट्टी में छात्रों से पहले छात्राओं की छुट्टी 10 मिनट पहले करने का सुझाव देते हुए अपनी ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद चौयरमेन ने लंढौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर डाक्टर विक्रांत शिरोही से रैबीज के इंजेक्शनों, दवाईयों तथा मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर भी जानकारी हासिल की चौयरमेन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नवनिर्मित बिल्डिंग तथा निर्माणाधीन सड़कों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने पत्रकारों को बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कई समस्याएं सामने आई है। जिनके संबंध संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्याओं को दूर कराया जाएगा। इस दौरान सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, समीर आलम आदि लोग मौजूद रहे।



# रेस्टोरेंट में आग लगने से हड़कंप, लाखों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रेस्टोरेंट में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग को बुझाने के लिए काफी संख्या में लोग फायर उपकरण लेकर मौके पर पहुंच गए। लेकिन आग पर काबू नहीं हो पाया जा सकता तो सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मचारियों ने रेस्टोरेंट के जनरेटर के पास पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की के बोट क्लब के पास एक बिल्डिंग में रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट में दोपहर के वक्त आग लगने से हड़कंप मच गया। इस बीच आसपास मौजूद शोरूम संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। लोगों ने रेस्टोरेंट में लगी आग को बुझाने के लिए फायर उपकरण का इस्तेमाल शुरू कर दिया। लेकिन आग विकराल रूप लेने लगी तो लोग भी वहां से भागने लगे। बताया जा रहा है कि आग लगने करीब पांच लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। अग्निशमन कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आग को फैलने से बचाया और इस बीच पता चला कि आग लगने से जनरेटर, एसी और वायर आदि को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। बचाव टीम में अतर सिंह राणा, विपिन सिंह तोमर और हरिश्चंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण विभाग ने मारा छापा, दो कोल्हू सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बा से चंद कदम की दूरी मंगलौर मार्ग पर स्थित गन्ना कोलूओ मे कुछ लोग खराब हुए गुड मैं चीनी मिलाकर उसे दोबारा गुड बनाने के लिए कोल्लूओ की भट्टी में प्लास्टिक कचरा को जलाया जा रहा है। इससे उठने वाले काले धुएं से प्रदूषण फैल रहा है। जिससे कस्बे वासी परेशान है। प्रदूषण विभाग की ओर से दो कोलूओ पर सील लगाने की कार्रवाई भी की गई है।

प्राप्ज जानकारी के अनुसार कस्बा व क्षेत्र निवासी राजवीर सिंह कुलदीप सिंह जयवीर अरविंद कुमार मनोज कुमार बिरम सिंह बिट्टू सिंह आदि का कहना है कि झबरेड़ा मंगलौर मार्ग पर स्थित गन्ना कोलूओ मैं लगी भट्टी पर खराब हो गये गुड मैं चीनी मिलाकर पकाने के बाद उससे दोबारा गुड तैयार किया जा रहा है। खराब गुड में कुछ चीनी मिलाकर उसे पकाया जाता है। पकाने के बाद गुड तैयार किया जाता है। चीनी तथा खराब गुड मैं पानी मिलाकर उसे बड़े-बड़े कढ़ाओमें डालकर उसे पकाने के लिए ईंधन के रूप में प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्लास्टिक कचरे को जलाने से उस कचरे से उठने वाले काले धुआ से जहां कस्बे वासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

वही इस काले धुएं से प्रदूषण फैल रहा है। कस्बे वासियों की शिकायत करने पर प्रदूषण विभाग की ओर से आई टीम द्वारा दो कोलूओ पर छापा मार कर उन्हें सील कर दिया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को प्रदूषण फैलाकर हवा खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रदूषण फैलाने वालो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बुग्गावाला पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाला।** थाना पुलिस ने फरार चल रहे वारंटियों पर शिकंजा कसते हुए महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी भगवान महर ने बताया कि वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने दबिश देकर वारंटी रमेश निवासी ग्राम बंजारेवाला और एक महिला वारंटी निवासी ग्राम बंजारेवाला को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि लंबे समय से दोनों वारंटी पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे थे।

### लक्सर विधायक ने किया बारात घर व मजार के कार्य का शुभारंभ

# सभी वर्गों की सहमति से कराया जा रहा विकास : मौ. शहजाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने क्षेत्र के मुंडा खेड़ा कला में 32 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बारात घर एवं दादा अली जफरशाह मजार के कार्य का सौंदर्य करण का शुभारंभ किया है।

**❖स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कार्यदाई संस्था को शीघ्र निर्माण के दिए आदेश**

लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि कुछ कार्य दशकों से रूके हुए पड़े थे जिनको अब आहिस्ता आहिस्ता पूरे करने की मेरे द्वारा कोशिश की जा रही है उन्होंने कहा आज मुंडा खेड़ा कला में नवनिर्मित बारात घर एवं दादा अली जफर शाह मजार का सौंदर्यीकरण के कार्य का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा आज स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यादाय संस्था को शीघ्र निर्माण के लिए आदेशित किया गया उन्होंने कार्यदायी



संस्था के ठेकेदार को भी कहा कि काम में किसी भी जगह कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए क्योंकि इस तरह के कार्य रोज-रोज नहीं किए जाते हैं। उन्होंने गांव वालों से भी कहा कि आप अपने तरीके से सही काम करा ले और काम में कोई भी अड़चन पैदा ना करें उन्होंने कहा आगे भी जो मेरे द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं वह सर्व समाज की सहमति से और प्राथमिकता के आधार पर कराये जा रहे हैं उनके साथ वहां पर मुंडा खेड़ा कला के सैकड़ो मुख्य आदमी मौजूद थे।

### भाजपा नेता सुबोध राकेश ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों से मांग समर्थन

# क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता : सुबोध राकेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाला।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के हरीपुर टोंगिया और बंजारेवाला गाँव में भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री सुबोध राकेश ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों से समर्थन मांगा। उन्होंने ग्रामीणों से विकास के वायदे किए कहा कि वह ग्रामीणों के अनुरूप विकास करेंगे।

बृहस्पतिवार देर शाम को बंजारेवाला गाँव में प्रधान मुकेश सैनी के आवास सर्व समाज की ओर से बैठक का आयोजन कर भाजपा नेता सुबोध राकेश को समर्थन देने की बात कही। भाजपा नेता सुबोध राकेश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण होगा। हमारी सरकार विकास को प्राथमिकता देती है।इस शुभ अवसर पर प्रधान मुकेश जी, स्वराज नेता, झबल सिंह, वेदराम सैनी, जोशी सैनी, जगपाल सैनी, राजेश सैनी, नरेश सैनी अनिल सैनी, राजेश चौहान, रविंद्रपाल, जाकिर अली, जयवीर, महाराज, बिलाल जी, इन्तजार जीमनी राशन डीलर,



मुन्नीलाल प्रधान, लोकेश, सुनील, दीपक जी, सुभम, सौरभ , आदर्श, भोलू, महेंद्र सिंह, रिक्की, गोविन्द और सभी ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

शनिवार, 30 अगस्त 2025

# बदजुबानी पर जंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार की राजनीति में उबाल आ गया है। शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उस समय भिड़ गए, जब पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया नेता सहित 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। यूं तो राजनीति में विचारधारा व मुद्दों की लड़ाई होती है और उसके लिए बेतुकी तू-तड़ाक की बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं बचती है, लेकिन हो इसके उलट रहा है। बयानबाजी का स्तर राजनीति में लगातार घटता जा रहा है। इस पर सभी को सोच-विचार करना चाहिए। विडंबना यह है कि इस बयानबाजी में कोई भी राजनीतिक दल का नेता पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन और अधिक बढ़ गया है और इस पर लगाम लगती दिखाई नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह बिल्कुल सही है कि जिस तरह की तू तड़ाक की भाषा राहुल अपनी वोट अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। भाषा शालीन होनी चाहिए, लेकिन यह मानने में भी कोई हर्ज नहीं है कि इसकी शुरुआत खुद पीएम मोदी ने की थी। इस तरह के आरोप कांग्रेस व अन्य विपक्षी लगा भी रहे हैं। आखिर इस बात को कौन भूल सकता है कि कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, जर्सी गाय, खूनी पंजा, सूर्पणखा की हंसी, दीदी औ दीदी आदि बातें पीएम मोदी खुद कह चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया। दरभंगा पुलिस ने भोपुरा गांव निवासी अनीस कुरैशी के पुत्र मौ. रिजवी को गिरफ्तार किया है। अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यह देखना भी बेहद दुखद है कि राहुल की टिप्पणी के बीच ही तृणमूल कांग्रेस सांसद मऊआ मोइत्रा का बयान भी शुक्रवार को सामने आया। जिसमें उन्होंने नादिया जिले में घुसपैठ पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर बखेड़ा हो गया है। अपनी एक पोस्ट शेयर करते हुए तृणमूल नेता ने कहा है कि उनका देश के गृहमंत्री अमित शाह से साफ सवाल है कि वह बार-बार कहे जा रहे हैं घुसपैठिया, घुसपैठिया...। हमारा जो बोर्डर है उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। उन्होंने पोस्ट में 15 अगस्त को लालकिले से दिए बयान का हवाला दिया जिसमें कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमाग्राफिक चेंज हुए, तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ही तो बनती है। उनके अनुसार अगर गृह मंत्री भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और खुद पीएम बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो फिर यह गलती किसकी है।

### महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर पूछना चाहते हैं कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है, सभी की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो, आप कौन होते हैं, लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है, संघ समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

# असली यानि जैविक पिता का सवाल



आपको कैसा लगेगा यदि अचानक आपको पता चले कि आप जिस व्यक्ति को अपना पिता मानते आए हैं, वह जैविक रूप से आपका पिता नहीं है। छोटे समय की बात छोड़िए, लेकिन यदि आपको अपनी कई पीढ़ियों की वंशावली में यह देखने को मिले कि उसमें किसी पीढ़ी में किसी संतान का पिता वह नहीं था, जिसे सामाजिक या कानूनी रूप से पिता माना गया था। इसी के साथ यह बात भी जुड़ जाती है कि कोई भाई-भाई, बहन-बहन या भाई-बहन वास्तव में सहोदर हैं या नहीं।

पितृत्व (जैविक तथा सामाजिक) का यह सवाल कई संस्कृतियों-समाजों में बहुत अहमियत रखता है। तो बेल्जियम स्थित केयू ल्यूवेन विश्वविद्यालय के जेनेटिक विज्ञानी मार्टेन लारमूसौ Maarten Larmuseau ने इस विषय की जांच-पड़ताल करने का विचार किया। सवाल था, कितने मामलों में महिला उन पुरुषों के साथ बच्चे पैदा करती हैं, जिनकी वे संगिनी नहीं हैं?

अधिकांश समाजों में सहोदर सम्बंध काफी हद तक सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। इनमें दत्तक संतान या सौतेले परिवार भी शामिल होते हैं। लेकिन जैविक पिता के सवाल सहस्राब्दियों से परिवारों को तहस-नहस करते रहे हैं और सांस्कृतिक चिंताओं का कारण बनते रहे हैं। पारिवारिक-सामाजिक मुद्दों के अलावा बच्चे के जैविक पिता के बारे में जानना कभी-कभी अपराध विज्ञान या चिकित्सा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह संभव है कि किसी बच्चे के पिता को लेकर संशय महिला द्वारा इरादतन किसी अन्य पुरुष से सम्बंध का परिणाम हो, लेकिन इस संदर्भ में यौन हिंसा अथवा दबाव के तहत यौन सम्बंधों को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कानूनी पिता को मालूम होता है कि वह जैविक पिता नहीं है। ऐसे सारे प्रकरणों के लिए लारमूसौ जिस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह है दंपति-इतर पितृत्व इसमें वे दत्तक अथवा विवाहेतर जन्मों को शामिल नहीं करते हैं, जहां पिता की जैविक पहचान ज्ञात होती है। उन्होंने यह जानने के लिए एक तकनीक विकसित की है कि दंपति-इतर पितृत्व कितना सामान्य है। सामाजिक रूप से संवेदनशील होने के कारण आम तौर पर जीव वैज्ञानिक मनुष्यों के संदर्भ में इस विषय को टाल देते हैं, हालांकि पशु-पक्षियों में यह अनुसंधान का एक प्रमुख विषय रहा है। तो लारमूसौ ने क्या विधि अपनाई थी दंपति-इतर पितृत्व के आकलन के लिए? इस खोजबीन का एक मजेदार अध्याय मशहूर पाश्चात्य संगीतकार बीथोवन से जुड़ गया था।

दरअसल, पीएचडी छात्र के रूप में लारमूसौ ने बाल्टिक और भूमध्यसागर में पाई जाने वाली एक मछली प्रजाति पर शोध किया था। सैण्ड गोबी, गोबी के नर संतानोत्पत्ति में काफी योगदान देते हैं। वे घोंसला बनाते हैं और निषेचित अंडों की देखभाल करते हैं। दूसरी ओर, मादा तो अंडे देकर निकल जाती है। हां, यह जरूर है कि नर गोबी कभी-कभार अन्य नरों द्वारा बनाए गए घोसलों में घुसकर अंडों को निषेचित करके नौ-दो-ग्यारह हो जाता है। नतीजतन उस घोंसले का निर्माता नर किसी अन्य की संतानों की परवरिश करता है। इसके चलते सैण्ड गोबी दंपति-इतर पितृत्व के अध्ययन के लिए उम्दा जंतु माना जाता है।

एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में काम करते हुए लारमूसौ के मन में विचार आया कि मनुष्यों में इसी तरह का व्यवहार हो तो उसके चलते डीएनए विश्लेषण की मदद से लाशों की पहचान तथा अपराधों के अन्वेषण में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। लेकिन उस विषय में बात करना बहुत कठिन था। पशु-पक्षियों के बारे में तो दंपति-इतर पितृत्व को लेकर काफी साहित्य उपलब्ध है, लेकिन इन्सानों के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

प्रामाणिक आंकड़ों के अभाव में वैज्ञानिक अटकलों का सहारा लेते थे। जैसे जीव वैज्ञानिक जेरेड डायमंड ने अपनी पुस्तक दी थर्ड चिम्पैंजी: दी इवॉल्यूशन एंड फ्यूचर ऑफ ह्युमैन एनिमल में दावा किया था कि इन्सानों में सामाजिक रूप से मान्य सम्बंधों के बाहर यौन सम्बंध लगभग 5 से 30 प्रतिशत होते हैं। इसी प्रकार से, रीडिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक मार्क पेजल ने कहा था कि जन्म के समय मानव शिशुओं के बीच भेद करने में मुश्किल जैव विकास के दौरान विकसित हुई है ताकि उनकी वास्तविक वल्दियत उजागर न हो।

अंततः एक आम सहमति उभरी जो मूलतः जेनेटिक पितृत्व निर्धारण के शुरुआती प्रयासों पर आधारित थी। दी लैंसेट में प्रकाशित एक लेख में सैली मैकिन्टायर और एनी सूमैन ने बताया था कि लगभग 10 प्रतिशत बच्चे विवाहेतर सम्बंधों के परिणाम होते हैं। हालांकि इस आंकड़े के सत्यापन अथवा खंडन के लिए ठोस आंकड़े नहीं थे लेकिन पत्रकार और शोधकर्ता इसे बार-बार दोहराते रहे और यह स्थापित तथ्य बन गया, लेकिन यदि 10 प्रतिशत विवाहेतर संतानों का आंकड़ा सही है, तो कई वंशावलियां बेकार हो जाएंगी। रोचक बात यह रही कि स्वयं लारमूसौ के पर-काका अपने परिवार का इतिहास जानने को उत्सुक थे लेकिन 10 प्रतिशत की बात सुनकर उनका उत्साह जाता रहा था। अलबत्ता, लारमूसौ लगे रहे। पहले उन्होंने अपने ही परिवार का इतिहास खंगाला। अंततरू उन्होंने अपनी सोलह से अधिक पीढ़ियों के हजारों पूर्वजों का एक चार्ट बना लिया। वे सोचने लगे कि कहीं जेरेड डायमंड और अन्य शोधकर्ता सही तो नहीं हैं? और इनमें से कितने सामाजिक व कानूनी पूर्वज उनके जैविक पूर्वज भी हैं। इस संदर्भ में मौजूदा प्रमाण विवादास्पद हैं। पितृत्व जांच पर आधारित अनुमान पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं, क्योंकि जो लोग पैसा खर्च करके ऐसे परीक्षण करवाते हैं, उनके मन में पहले से ही दंपति-इतर संतान होने की शंका रहती है। अस्थि मज्जा दानदाताओं के सैम्पल्स तथा अन्य स्रोतों से पता चलता था कि आधुनिक आबादियों में दंपति-इतर संतानोत्पत्ति की दर कम है, लेकिन वह शायद यौन-सम्बंधों को लेकर व्यवहार में परिवर्तन की वजह से नहीं बल्कि आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के कारण भी हो सकता है और सड़क चलते लोगों से उनके यौन व्यवहार के बारे में पूछना 'आ बैल सींग मार' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। यानी वर्तमान का अध्ययन करना कठिन है और लारमुसौ ने अतीत का रुख किया।

उन्होंने 2009 में स्थानीय स्तर पर 1400 के दशक से शुरू करके वंशावलियां एकत्रित कीं। इसमें उन्हें बेल्जियन व डच वंशावली तथा विरासत को लेकर उत्साहित लोगों की मदद मिली। फिर उन्होंने स्वतंत्र रूप से इन वंशावलियों का सत्यापन किया। जब शौकिया लोगों के पास जानकारी नहीं थी, तो उन्होंने जनगणना के आर्काइव्स को खंगाला और फ्लेमिश व डच गिरजाघरों में विवाह तथा बप्तिज्मा के रिकॉर्डों को खंगाला। पुराने दस्तावेजों से शुरू करके लारमूसौ ने आज जीवित ऐसे हजारों पुरुषों को ढूंढ निकाला जो वंशावली रिकॉर्ड के मुताबिक अपने पिता की ओर से दूर के रिश्तेदार होना चाहिए। अगला कदम यह था कि उनके डीएनए प्राप्त करके इस अधिकारिक विरासत की जांच की जाए। इसके लिए जरूरी था कि उन व्यक्तियों से संपर्क हो पाए। इस काम में स्थानीय इतिहास समितियों ने उनकी मदद की। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि लारमूसौ ने उन व्यक्तियों को फोन कर दिया या सीधे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। साथ में वे डीएनए सैम्पल लेने के लिए जरूरी सामान और सम्मति पत्र भी लेकर पहुंचे। कभी-कभी तो गांव में एक ही सरनेम वाले व्यक्तियों से कहा कि वे अपने डीएनए परीक्षण करवा लें। एक ही सरनेम से वे मानकर चले थे कि वे सारे व्यक्ति पिता की ओर से पारिवारिक सम्बंधी होंगे। एक साल में उन्होंने 300 परिवारों से संपर्क किया और पुरुषों को बता दिया कि वे उनके पूर्वजों में दंपति-इतर सम्बंधों की तलाश कर रहे हैं। यदि थोड़ी भी हिचक दिखी तो उस परिवार को अध्ययन में शामिल नहीं किया। मुंह से लिए गए स्वाब में वाय गुणसूत्र मिला। गौरतलब है कि वाय गुणसूत्र पिता से पुत्र को मिलता है। और यह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। एक पीढ़ी से अगली को हस्तांतरित होते समय इस वाय गुणसूत्र में कोई परिवर्तन नहीं आता।

नतीजतन, यदि दो व्यक्ति ऐसे मिलते हैं, जिनके वाय गुणसूत्र मेल खाते हैं तो उनका कोई दादा, पर-दादा, पर-पर-दादा एक ही होगा, भले ही उन दोनों व्यक्तियों को इसकी भनक तक न लगी हो। लेकिन इसका उलट भी होता था। किन्हीं दो व्यक्तियों की वंशावली तो बताती थी कि उनमें वाय गुणसूत्र का मिलान होना चाहिए लेकिन होता नहीं था। यदि वाय गुणसूत्र मेल नहीं खाते थे, तो इसका मतलब है कि बीच में कभी तो कोई 'अन्य' पुरुष शामिल था। लारमूसौ के लिए यह इस बात का प्रमाण होता था कि उस वंशवृक्ष में कम से कम एक मामला दंपति-इतर पितृत्व का रहा होगा। फिर उन्होंने सांख्यिकीय मॉडल की मदद से यह निर्धारण करने का प्रयास किया कि यह घटना कितनी पीढ़ियों पूर्व हुई होगी। 2013 में एक प्रारंभिक अनुमान प्रकाशित करने के बाद भी वे आंकड़े एकत्रित करते रहे। 2019 में उन्होंने करंट बायोलॉजी में एक शोध पत्र प्रकाशित किया। यह शोधपत्र दूर के रिश्तेदार 513 पुरुष जोड़ियों के वाय गुणसूत्र की जांच पर आधारित था। इसमें लारमूसौ ने अनुमान व्यक्त किया था कि बेल्जियम और नेदरलैंड में पिछले 500 वर्षों में दंपति-इतर पितृत्व की दर लगभग 1.5 प्रतिशत रही।

**-डॉ. सुशील जोशी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# जन्नत से कम नहीं हैं भारत की ये सुंदर झीलें



गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।


**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

# समुद्र से शुरुआत और धरती पर जीवन का पहला कदम



लगभग 40 करोड़ साल पूर्व सबसे पहले कशेरुकी जीव समुद्र में रहते थे। उस समय मछलियां ही समुद्र की सबसे बड़ी जीव थीं, लेकिन उनमें जमीन पर चलने के लिए मजबूत टांगें विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों का मानना था कि विकास की प्रक्रिया में काफी समय लगा जिसके बाद मछलियां जमीन पर आईं। लेकिन पोलैंड में हुई एक खोज से पता चला है कि कुछ मछलियों ने हमारी सोच से कहीं पहले ही जमीन पर जीने की कोशिश की थी।

2021 में वैज्ञानिकों को पोलैंड स्थित होली क्रॉस पर्वतों में अजीब से जीवाश्म निशान मिले। यह पत्थर कभी समुद्र तट का हिस्सा थे। इनमें 240 से ज्यादा गड्ढे और खरोंचें मिलीं। जांच से पता चला कि यह निशान शायद मछलियों के जमीन या बहुत उथले पानी पर रेंगते हुए बने थे। यह जीवाश्म 41 से 39.3 करोड़ साल पुराने हैं यानी पहले मिले सबूतों से करीब 1 करोड़ साल पहले।

यह निशान आज की लंगफिश से बहुत मिलते-जुलते हैं। लंगफिश ऐसी मछली है जो हवा में सांस ले सकती है और अपने मीनपक्षों का इस्तेमाल करके जमीन पर रेंग सकती है। माना जाता है कि लंगफिश थलचर चौपाया जीवों के शुरुआती पूर्वजों की करीबी रिश्तेदार है। चलने के लिए यह मछली अपना मुंह जमीन पर टिकाकर लीवर की तरह दबाती है और फिर मीनपक्ष और पूंछ की मदद से शरीर को आगे खींचती है। यही अजीब तरीका पोलैंड में मिले जीवाश्मों के निशानों से मेल खाता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और पोलिश जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक पिओत्र श्रेक बताते हैं कि ऐसा तभी संभव था जब वे पूरी तरह पानी के उछाल पर निर्भर नहीं रह गई हों। वैज्ञानिकों की टीम ने इन जीवाश्मों के निशानों को बारीकी से समझने के लिए 3-डी स्कैनिंग की। फिर उन्होंने इनकी तुलना आज की पश्चिम अफीकी लंगफिश द्वारा बनाए गए निशानों से की। नतीजा यह रहा कि नाक, पंख, पूंछ और शरीर के हिस्सों से बने दबाव के निशान लगभग वैसे ही मिले। इससे साफ हुआ कि प्राचीन समय की कुछ मछलियां लंगफिश जैसी ही रही होंगी।

एक और दिलचस्प बात यह सामने आई- वैज्ञानिकों को 'हैंडेडनेस' यानी शरीर के एक ओर की वरीयता के सबूत भी मिले। 240 निशानों में से 36 में सिर झुकाने के संकेत थे, जिनमें से 35 बाईं ओर झुके थे। इसका मतलब यह हो सकता है कि वे मछलियां ज्यादातर बाईं ओर झुककर चलती थीं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों में कोई दाएं या बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करता है। यह जानवरों में 'हैंडेडनेस' का अब तक का सबसे पुराना प्रमाण हो सकता है।

अलबत्ता, एक तर्क यह है कि आज की लंगफिश 40 करोड़ साल पुरानी मछलियों से बहुत अलग हैं, इसलिए सीधे-सीधे तुलना मुश्किल है। चीन और ऑस्ट्रेलिया में मिले ऐसे ही जीवाश्मों पर अधिक शोध इन निष्कर्षों की पुष्टि करने में सहायक हो सकते हैं। बहरहाल, यह खोज हमें याद दिलाती है कि विकास कभी सीधी रेखा में नहीं होता।

## ग्लोबल वार्मिंग पर विवादित रिपोर्ट से मचा हंगामा

हाल ही में अमेरिका के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट से बड़ी बहस छिड़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाला आर्थिक नुकसान पूर्व मान्यता की अपेक्षा कम होगा। लेकिन कई वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिपोर्ट जलवायु विज्ञान को गलत तरीके से पेश कर रही है और इसका मकसद अमेरिकी सरकार को 2009 के उस अहम फैसले को रद्द करने में मदद करना है, जिसमें ग्रीनहाउस गैसों को जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया था।

गौरतलब है कि बराक ओबामा के कार्यकाल में पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी ने ठोस सबूतों के आधार पर निष्कर्ष दिया था कि कार्बन डाईऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें इंसानों और पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, और इसी के आधार पर वाहनों, बिजली संयंत्रों और अन्य स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण के नियम बने थे, लेकिन अब सरकार इस फैसले को पलटने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप जलवायु परिवर्तन को शिगूफा करार दे चुके हैं। यह रिपोर्ट ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने पांच व्यक्तियों से तैयार करवाई है। इनमें वायुमंडलीय वैज्ञानिक जॉन क्रिस्टी, जलवायु वैज्ञानिक जूडिथ करी, भौतिक विज्ञानी स्टीवन कूनिन, अर्थशास्त्री रॉस मैक्किट्रिक व मौसम वैज्ञानिक रॉय स्पेंसर शामिल हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा है कि वे तथ्यों पर आधारित खुली और पारदर्शी चर्चा के लिए तैयार है, और अगर गंभीर वैज्ञानिक सुझाव मिलते हैं तो रिपोर्ट में बदलाव किया जाएगा। एजेंसी ने इस दस्तावेज को जनता और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के लिए 2 सितंबर तक खुला रखा है, लेकिन कई वैज्ञानिक नाराज हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की महासागर विज्ञानी जोएलेन रसेल का मानना है कि यह रिपोर्ट विज्ञान को आगे बढ़ाने की बजाय दबा रही है। फिलहाल कई शोधकर्ता रिपोर्ट के हर दावे का एक तथ्यात्मक जवाब तैयार कर रहे हैं। इस मामले में टेक्सास स्थित यह एंड एम यूनिवर्सिटी के एंड्रयू डेस्लर सुप्रीम कोर्ट तक जाने को तैयार हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि वर्तमान जलवायु खतरे के सबूत पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि ट्रंप प्रशासन जोखिम सम्बंधी निष्कर्ष को रद्द करने में सफल हो जाता है, तो पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अधिकार समाप्त हो सकता है। इससे जलवायु प्रदूषण व परिवर्तन पर कानूनी कार्रवाई मुश्किल हो जाएगी, और वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव और अधिक बदतर हो जाएगा। जलवायु वैज्ञानिकों के लिए यह लड़ाई सिर्फ एक रिपोर्ट की नहीं है बल्कि दशकों के शोध परिणामों की रक्षा, विज्ञान पर भरोसा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि सार्वजनिक नीतियां ठोस सबूतों पर आधारित हों, न कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिनपिंग की एक सीक्रेट चिट्ठी ने सुधारे भारत-चीन के रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखाः हम ट्रम्प के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ पीएम मोदी का चीन दौरा



मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था

**नई दिल्ली/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं।

इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना। ट्रम्प ने मार्च में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने 2 अप्रैल को 70 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गई थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा। ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बातचीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आई पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया। इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिशों को दोगुना करने पर सहमति जताई। और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और चीन गंभीर बातचीत में जुटे हुए थे। पिछले साल दोनों देशों ने लद्दाख में जारी गतिरोध को आंशिक तौर पर हल करने के लिए एक समझौता किया था। इसी समझौते ने मोदी और शी जिनपिंग की पहली सीधी मुलाकात का रास्ता खोला। अब प्रधानमंत्री मोदी शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन जा रहे हैं। वहां उनकी मुलाकात जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से होगी। इस मुलाकात को अमेरिका कड़ी नजर से देख रहा है, क्योंकि यह उसके लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन सकता है।

## अमेरिका में सिख ने सड़क पर तलवार लहराई, पुलिस ने गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास एंजिलिस में एक सिख को सड़क पर तलवार लहराने पर पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह घटना 13 जून की बताई जा रही है। शख्स की पहचान गुरप्रीत सिंह के तौर पर की गई है। इस घटना का वीडियो लास एंजिलिस पुलिस ने अपने यूटयूब चैनल पर शेयर किया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खबर मिली थी कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलिंपिक बुलेवार्ड रोड पर तलवार लहरा रहा है।



नई दिल्ली। भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।

## रूसी हमले में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज डूबा

### पहली बार समुद्री ड्रोन से हमला किया, 10 साल पहले जासूसी के लिए बनाया गया था

**मास्को।** यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी है।

यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था। यह लैगून-क्लास जहाज (तटीय इलाके का जहाज) था, जिसे जासूसी के लिए बनाया गया था। ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के

■ ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ

पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब रूस ने समुद्री ड्रोन से यूक्रेन के जहाज को तबाह किया। एक ड्रोन एक्सपर्ट्स ने इसे रूस की बड़ी कामयाबी बताया है। यूक्रेन ने भी जहाज पर हमले की पुष्टि की है। सिम्फेरोपोल जहाज को 2019 में लान्च हुआ था और 2021 में इसे यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2014 के बाद यूक्रेन की तरफ से लान्च किया गया यह सबसे बड़ा जहाज था। यूक्रेनी नौसेना के मुताबिक, इस हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। प्रवक्ता ने कहाः हमले के बाद हालात संभालने के कोशिश जारी हैं। जहाज के ज्यादातर क्रू सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ लापता लोगों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नक़ौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की कोशिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतर्राष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़ूलापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से जयादा विमान हिस्सा लेंगे।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

## भारत पर 50% टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना हो रही है। कई अमेरिकी अर्थशास्त्री इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमेरिकी विदेश नीति के लिए आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वहीं, अब अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का कारण भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता के उनके दावे को स्वीकृति न मिलना है। जिसके कारण वे व्यक्तिगत तौर पर नाराज हो गए हैं और ऐसे कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य तनाव के बाद अपने

■ पाक से संघर्ष में मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को खारिज करना भारत पर टैरिफ की वजह, जेफरीज का दावा

हस्तक्षेप का दावा किया था, लेकिन उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को समाप्त करने का क्रेडिट नहीं मिला, जैसाकि वे चाहते थे। भारत ने ट्रम्प के दावों को लगातार नकारते हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया है। जेफरीज ने बताया कि भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद इस रुख को भारत ने बरकरार रखा है। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत की असहमति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए वैश्विक रूप से मिल रही स्वीकार्यता भी कमजोर पड़ी है।

## ट्रम्प की शिकागो में सेना तैनात करने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वाशिंगटन डीसी और लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात करने के बाद अब शिकागो में भी ऐसा करने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि शिकागो में हिंसा की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकागो में हत्या की दर नई दिल्ली की तुलना में 15 गुना ज्यादा है। शहर की बेहतरी के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है। शिकागो के मेयर ब्रैंडन जानसन ने शहर में नेशनल गार्ड के तैनाती की खबरों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए ऐसे कदम उठा रहे हैं।

### पाक मंत्री अहसान इकबाल का आरोप

## पानी को हथियार बना रहा है भारत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अहसान इकबाल ने आरोप लगाया कि भारत पर पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बांधों से जानबूझकर पानी छोड़ा, जिससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भयंकर बाढ़ आ गई।

इकबाल ने एक टीवी चैनल से कहाः भारत ने पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया और पंजाब में भारी बाढ़ ला दी। रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में अचानक पानी छोड़ा गया। इस बाढ़ की वजह से गुजरांवाला डिवीजन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पानी में डूब गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 776 लोगों की मौत हो चुकी है और 993 घायल हुए हैं। जबकि



पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 750 से ज्यादा लोगों की मौत

4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं। पाकिस्तान पंजाब की सरकार का कहना है कि भारी बारिश और भारत की तरफ से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने से नदियों में बाढ़ आई है। इकबाल ने एक अन्य वीडियो में कहा कि भारत का यह पानी छोड़ना पानी की सबसे खराब हमला है। भारत नदियों में पानी रोकता है और फिर अचानक बांध से पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की जान और माल खतरे में पड़ जाते हैं। पानी जैसे मुद्दे को राजनीति से अलग रखना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह भी आरोप लगाया कि उसने समय पर पानी छोड़ने की जानकारी पाकिस्तान को नहीं दी, जो बहुत गलत है। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने सिंध प्रांत में अलर्ट जारी किया है कि सरकार वहां से सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाए। वहीं, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का हिसाब रखा जाए और लोगों को बाढ़ वाले इलाकों में जाने से रोका जाए। भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए 4 दिन पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी थी।

## इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया

### गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगाई

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गतिविधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी।



गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इजरायल ने किया इन्कार

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे। माना जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिकारिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 514000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 641000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इजरायल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं।इजरायल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

### गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अल-थानी ने कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**नई दिल्ली/टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए।

भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की

■ भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता

स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'ई3' देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु

■ तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी

समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेसीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

